RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

महाराणा प्रताप जयंती

वर्ष: 17 | अंक 109 | सीकर, बुधवार 17 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8




## ओवरब्रिज पर फिर लौटी रोशनी

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** शहर से गुजरने वाले तीन ओवरब्रिजों पर रोड़ लाइटें बंद होने और रात के समय यहां अंधेरा रहने की खबर प्रकाशित होने के बाद एनएचएआई विभाग हरकत में आया और यहां तिरपाल मार्केट के पास ओवरब्रिज पर बंद पड़ी लाइटों को दुरुस्त कर चालू कर दिया गया जिससे यहां एक बार फिर से रोशनी में सड़क चमकने लगी है।

गौरतलब है कि सोमवार को खबर प्रकाशित की गई थी जिसमें शहर के तीन ओवरब्रिजों पर बड़ी संख्या में लाइटें खराब होने से राहगीरों और वाहन चालकों को होने वाली परेशानी और दुर्घटना की संभावना से प्रशासन को अवगत करवाया गया। खबर के बाद विभाग हरकत में आया और यहां लाईट व्यवस्था दुरुस्त की गई। इसके बाद स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने राहत महसूस की है।

### पूरे मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करवाने का आश्वासन

एनएचएआई के अधिकारी आरएस त्रिपाठी ने बताया कि पदमपुरा साइड से तिरपाल मार्केट की तरफ उतरने वाले ओवरब्रिज की बंद लाइटों को फिर से चालू कर दिया गया है मगर इसके आगे रेल्वे पटरी पर बने ओवरब्रिज और डीडवाना चौराहे पर बने ओवरब्रिज पर खराब पड़ी अनेक लाईटों का दुरुस्त करवाया जाना अभी बाकी है। इसके लिए टेक्निकल टीम को बुलाकर सभी लाईटों को दुरुस्त कर चालू करवाया जाएगा। ताकि इस पूरे मार्ग पर पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित हो सकेगी।

## पीएम मोदी 16 महीने बाद डोनाल्ड ट्रम्प से मिले

### जी7 समिट में साथ में बैठे, 5 मिनट तक बात की



नई दिल्ली/एवियन।

पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 समिट के दौरान मुलाकात हुई। दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक बात की। मीटिंग में दोनों एक-साथ बैठे नजर आए। यह मुलाकात 16 महीनों के बाद हुई है। इससे पहले आखिरी मुलाकात फरवरी 2025 में व्हाइट हाउस में हुई थी। दोनों नेता कल शाम 6:30 बजे ट्रेड डील पर चर्चा कर सकते हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जी-7 समिट के लिए मंगलवार दोपहर एवियन पहुंचने पर मोदी का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्वागत किया। जी-7 के देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान मोदी ट्रम्प, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से बातचीत करते दिखाई दिए।

### जी-7: पीएम मोदी पारंपरिक ग्रुप फोटो के लिए दुनिया के नेताओं के साथ हुए शामिल

मोदी मंगलवार को फ्रांस के एवियन-लेस-बेन्स में 52वें जी7 शिखर सम्मेलन में पारंपरिक ग्रुप फ़ोटो के लिए कई वैश्विक नेताओं के साथ शामिल हुए। इस खास फोटो में पीएम मोदी के साथ दुनिया के कई अहम नेता भी शामिल थे, जिनमें यूरोपियन काउंसिल के प्रेसिडेंट एंटोनियो कोस्टा, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़, यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची, यूरोपियन कमीशन की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा शामिल थे। ग्रुप फोटो लेने से पहले, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एवियन, फ्रांस में जी7 शिखर सम्मेलन 2026 के आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। फ्रांस के राष्ट्रपति के आधिकारिक निमंत्रण पर, पीएम मोदी इस हाई-प्रोफाइल बैठक में शामिल होने के लिए मंगलवार को ही फ्रांस के इस शहर में पहुंचे थे। यह खास निमंत्रण एक पार्टनर देश के तौर पर शिखर सम्मेलन में भारत की 13वीं भागीदारी को दर्शाता है, साथ ही यह लगातार सातवीं बार है जब प्रधानमंत्री इस वैश्विक मंच में हिस्सा ले रहे हैं। फ्रांस पहुंचने से पहले, प्रधानमंत्री ने स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में कुछ देर के लिए रुककर स्विस परिसंघ के राष्ट्रपति गाइ परमेलिन से मुलाकात की और अपनी यूरोपीय राजनयिक पहल की शुरुआत की। इस संक्षिप्त पड़ाव के बारे में जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे का अभिवादन किया और भारत-स्विट्ज़रलैंड साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया।

## शिविर में हुई भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर चर्चा

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** नोखा में विद्या भारती प्रांत द्वारा आयोजित दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग-2026 के तीसरे दिन भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्या भारती जोधपुर प्रांत के प्रांत सचिव गंगाविष्णु बिश्नोई थे। उन्होंने बीकानेर, नागौर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ से आए नए आचार्य-दीदियों को भारतीय संस्कृति की विशेषताओं से अवगत कराया। शिक्षा अनुशासित और मर्यादित रहता सिखाती है। बिश्नोई ने कहा-शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने भारतीय संस्कृति को सर्वसमावेशी, समन्वयकारी और मानवता को जोड़ने वाली बताया। उनके अनुसार, यह संस्कृति मनुष्य को सुविधाओं के बीच भी मर्यादित और अनुशासित रहना सिखाती है। उन्होंने शुचिता, पवित्रता, कृतज्ञता और प्रकृति के प्रति सम्मान को भारतीय संस्कृति की मूल पहचान बताया। बिश्नोई ने यह भी उल्लेख किया कि भारतीय परंपरा में भोजन को अन्न देवता का प्रसाद माना जाता है, और पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु तथा आकाश जैसे पंचतत्वों के प्रति श्रद्धा का भाव रखा जाता है। पशु-पक्षियों और संपूर्ण प्रकृति के प्रति सम्मान की यह भावना भारतीय संस्कृति को विश्व की अन्य संस्कृतियों से अलग करती है।

### भारतीय जीवन दर्शन के बारे में बताया

मुख्य वक्ता ने पाश्चात्य विचारधारा को संघर्ष पर आधारित बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति समन्वय और सहअस्तित्व का संदेश देती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय जीवन दर्शन में कुटुंब केवल परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है। बिश्नोई ने जोर देकर कहा कि अनेक भाषाओं, बोलियों और जीवनशैलियों के बावजूद ष्विविधता में एकता हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी शक्ति है।

### संस्कारों के संवर्धन का लिया संकल्प

इस अवसर पर समाजसेवी एवं व्यवसायी नथमल संखलेचा, व्यवसायी एवं अभिभावक रामरख लखारा, तथा बीकानेर जिला मंत्री अमोलक राम ज्याणी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग में शामिल सभी नव नियुक्त आचार्यों और दीदियों ने भारतीय जीवन मूल्यों को आत्मसात कर भावी पीढ़ी में संस्कारों के संवर्धन का संकल्प लिया।

## भूगोल व्याख्याता के रूप में कविता कुमारी ने संभाला कार्यभार



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** कविता कुमारी पुत्री मोहनलाल किलानिया ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुकुंदगढ़ में व्याख्याता (भूगोल) पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह ने माला एवं साफा पहनाकर उनका स्वागत किया तथा सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। कार्यभार ग्रहण समारोह में विद्यालय परिवार के उपप्राचार्य बनवारी लाल जांगिड़ सहित व्याख्याता इरफान खान, गुलजार खान, जय सिंह किलानिया, सांवरमल, राजीव कुमार, विजेन्द्र कुमार बुडानिया, नसीम बानो, अनिता बराला, सुमेर सिंह, आशीष कुमार, शिवदत्त, मुकेश कुमार, श्रवण मोगा तथा श्रवण कुमार (बाबा) उपस्थित रहे। सभी ने कविता कुमारी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया 450 किलो संदिग्ध पनीर नष्ट





निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खो नागोरियान क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए लगभग 450 किलो संदिग्ध एवं घटिया गुणवत्ता का पनीर नष्ट करवाया। पनीर की गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने और मिलावट की आशंका के चलते नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि पुलिस थाना खो नागोरियान से सूचना मिलने पर मंगलवार सुबह टीम को मौके पर भेजा गया। निरीक्षण के दौरान लक्ष्मी नगर स्थित एमकेण् डेयरी में डीप फ्रीजर और कैरेटों में करीब 450 किलो पनीर रखा हुआ मिला। डेयरी संचालक मुस्तफा से पूछताछ में सामने आया कि वह अलवर से 220 रुपये प्रति किलो की दर से पनीर मंगवाकर 260 रुपये प्रति किलो में बेचता है।

उसने यह भी बताया कि पनीर दूध से क्रीम निकालने के बाद तैयार किया जाता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार दूध से क्रीम निकालकर तैयार किए गए लूज पनीर का विक्रय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत पनीर की गुणवत्ता घटिया होने, दूषित होने तथा मिलावट की आशंका के कारण टीम ने मौके से नमूना संग्रहित किया और लगभग 450 किलो पनीर नष्ट करवा दिया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे।

### कोबरी-सार



## भन्दे बालाजी धाम का मेला शुरू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अजमेर रोड स्थित श्री भन्दे बालाजी धाम में बालाजी महाराज का 58वां मेला मंगलवार को शुरू हुआ। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन किए। पूरे धाम में भक्तिमय वातावरण बना रहा और जयकारों से परिसर गूंज उठा। मंदिर की सजावट कर बालाजी महाराज की अलौकिक झांकी सजाई गई। भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्प सज्जा एवं विशेष श्रृंगार ने मेले की शोभा को और अधिक बढ़ा दिया। दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। अखण्ड सिद्ध धूणी में विशेष भोग लगाया गया। धूणी स्थल पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। यहां लगातार रामधुन और भजनों का आयोजन चलता रहा। हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को अर्थ सहित श्री हनुमान चालीसा पुस्तकों का वितरण किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को हनुमान चालीसा की चौपाइयों का सरल भाषा में अर्थ भी समझाया गया। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह भंडारे एवं शीतल सरबत की व्यवस्था की गई। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और सेवाभावी कार्यकर्ताओं की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। पूरे मेले के दौरान सेवा कार्यों में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक सक्रिय रहे।

## 21 जून को आयोजित होगी री-नीट यूजी परीक्षा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए नई दिल्ली द्वारा आयोजित री-नीट यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन 21 जून 2026 रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक जयपुर जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ सुनिश्चित की गई हैं। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदेश नायक ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, गोपनीय परीक्षा सामग्री के सुरक्षित वितरण एवं संग्रहण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएंगी। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होए इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर मेडिकल स्टाफ, प्राथमिक उपचार फर्स्ट एड तथा ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

आवश्यकता अनुसार एम्बुलेंस एवं अन्य चिकित्सा सुविधाएँ भी उपलब्ध रहेंगी। रोडवेज, रेलवे, जेसीटीएसएल एवं जयपुर मेट्रो को अभ्यर्थियों के आवागमन हेतु पर्याप्त परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण एवं समन्वय के लिए सिटी को.ऑर्डिनेटर द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जाएगी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को परीक्षा से संबंधित भ्रामक सूचनाओं, अफवाहों एवं नकल जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने हेतु आवश्यक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित करने तथा परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संचालन हेतु समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश प्रदान किए हैं।

## 55 बच्चों को भोजन वितरण



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर द्वारिका कॉलोनी शिव मंदिर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के बैनर तले 55 बच्चों को भोजन कराया गया। यह पुण्य कार्य सम्मेलन की प्रचार-प्रसार मंत्री मंजू हीरावत एवं सुरेंद्र हीरावत की ओर से किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा सुषमा बजाज ने बताया कि समिति की तरफ से हर महीने पोषण डे मनाया जाता है। इसके माध्यम से बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ-साथ शिक्षा का महत्व भी समझाया जाता है। मंगलवार को 20 बच्चों को समझा-बुझाकर स्कूल भेजा गया है। सेवा कार्य में समिति की सह-सचिव मीनू शर्मा, उपाध्यक्ष प्रिया राठी एवं कोषाध्यक्ष मैना तापरिया ने सक्रिय योगदान दिया। उपाध्यक्ष प्रिया राठी ने बच्चों के लिए उन्हें आइसक्रीम भी खिलाई। संस्था की बहनों द्वारा बच्चों के लिए रोचक प्रतियोगिता करवाई और उन्होंने सभी को संदेश दिया कि हमें असहाय बच्चों की हर संभव सहायता करनी चाहिए और उनकी जरूरत का सामान उपलब्ध कराना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को शिक्षा, स्वच्छता, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। बच्चों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता दिखाई तथा आयोजकों द्वारा दिए गए संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। पुजारी का सपरिवार संस्था के बहनों के सहयोग करने में जुटे रहे । समिति की अध्यक्षा सुषमा बजाज ने अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की तरफ से सभी बहनों के सहयोग और सेवा भावना के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

## राधा नाम का मानसिक जप किया

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** साक्षात प्रेमावतार पूज्य भाईजी श्री हनुमानप्रसाद पोद्दार के नोहरे में गत रात्रि को राधा नाम का दिव्य मानसिक जप साधिका रजनीशर्मा के सानिध्य में भाईजी के परिकरो द्वारा किया गया।



जप शुरू होने से पूर्व साधिका ने कहा कि जप से सांसारिक चिताओं और मानव को नकारात्मक विचारों से मुक्ति मिलती है। राधा नाम का स्मरण हृदय में भक्ति के भाव को जागृत करता है और मानव को श्रीराधा रानी की कृपा आसानी से प्राप्त हो जाती है। आयोजित जप कार्यक्रम में नगर के अंबिकाप्रसाद हारित, रामगोपाल मुरारका, ललित चौधरी, रामकिशन चांडक, विष्णुदत्त चौधरी, एडवोकेट रजनीकांत सोनी, ओम सारस्वत, अरविंद महर्षि, ओममनोहर स्वामी सहित बड़ी संख्या में भाईजी के परिकर उपस्थित थे।

## भाजपा नेता सामरिया के नेतृत्व में मोहल्लेवासियों ने शुरू किया धरना

# चैम्बर चौक में विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं लगाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय भोजलाई बास स्थित चैंबर चौक में प्रस्तावित विद्युत ट्रांसफार्मर का मामला लगातार विवादित होता जा रहा है। यहां पर भाजपा नेता सुमन सामरिया के नेतृत्व में रात में ही लोगों ने पार्क में धरना शुरू कर दिया। धरनार्थियों का कहना है कि जब तक डीपी के स्थान को बदला नहीं जाता, तब तक उनका यह आन्दोलन जारी रहेगा। भाजपा नेता सुमन सामरिया ने कहा कि जिस प्रकार से एक व्यक्ति के दबाव में आकर प्रशासन एक तरफा कार्रवाई में लगा हुआ है वह काफी निंदनीय है। पुखराज ढाका ने बताया कि जब भाजपा प्रत्याशी संतोष मेघवाल के घर राजीनामा हो चुका है, तो उसके अनुसार राजीनामे को लागू क्यों नहीं किया जा रहा है। बसंत पारीक ने बताया कि यहां पर महिलाएं पूजा अर्चना करती हैं। पेड़ों के पास महिलाएं बड़ी संख्या में बैठकर कथाएं सुनती हैं, यहां पर क्यों डीपी लगाई जा रही है। मोहिनी देवी ने कहा कि पार्क में बच्चे खेलते हैं लेकिन यहां पर जबरदस्ती डीपी लगाई जाती है, तो यह अन्याय करने जैसा है। खास बात तो यह है कि लोगों ने भाजपा के झंडे बैनर लगाकर यह प्रदर्शन शुरू कर दिया है और धरने पर भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। ऐसे में भाजपा का गढ़ समझे जाने वाले भोजलाई बास में आपसी फूट का संदेश साफतौर पर राजनीतिक गलियारों में जा रहा है लेकिन भाजपा के आला नेता इस समस्या को मिल बैठकर सुलझा नहीं पा रहे हैं, जिसके कारण विवाद लगातार घर आता ही जा रहा है। धरने पर भगवतीप्रसाद सामरिया, सुशीला देवी, गंगा, विमला देवी, सुमन सामरिया, बसंत पारीक, पप्पू जांगिड़, भरत कुमार, गीता देवी, चेनरूप, ताराचंद, रविन्द्र पारीक, अशोक तिवाड़ी, विष्णु, तरुण, सांवरमल, अशोक कुमार, राहुल, गीता देवी प्रजापत, विपिन प्रजापत, पुखराज ढाका, मोहिनी देवी सहित बड़ी संख्याओं में लोगों ने नारेबाजी की। सबकी एक ही मांग है को चैंबर चौक में विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाए। देखने वाली बात यह होगी कि भारतीय जनता पार्टी के दो नेताओं के बीच का यह विवाद कहां पर जाकर खत्म होता है। वहीं शाम को सैन समाज के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और



सुमन सामरिया की मांगों को अपना नैतिक समर्थन दिया। इस अवसर पर सैन समाज के अध्यक्ष महावीर प्रसाद गासेठड़िया, मंत्री दिनेश डूंखवाल, उप मंत्री बजरंलाल मोयल, मांगीलाल पंवार, वीरेंद्र गहलोत, संतोष टाक, दिनेश मोयल, जगदीश टाक, कन्हैयालाल जाखड़, गोविंद गहलोत, दिलीप मोयल, राजेश छोटू सहित अनेक लोग मौजूद रहे। समाज के लोगों ने कहा कि जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग कर हमारे समाज की बेटी को बुरा भला कहा गया है, उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। समाज के कन्हैयालाल सेन ने कहा कि भविष्य में अगर कोई समाज की बेटी के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग करेगा, तो पूरा समाज इस आंदोलन में आएगा और सम्बेंधित लोगों पर सख्त कार्यवाही करने का निर्णय लिया जाएगा। दूसरी ओर दो पक्षों के लोगों के बीच भाजपा नेत्री संतोष मेघवाल के आवास पर वार्ता जारी रही।

# गलत पैमाईश कर गांव में विवाद की स्थिति पैदा करने के आरोप

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत चरला में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में ग्रामीणों ने खेतों की हुई पैमाइश का विरोध जताते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर संतोष मीणा से सक्षम अधिकारियों से पुन: पैमाईश करवाने की मांग की है। शिविर में प्रशासक प्रतिनिधि मनसुख गोदारा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एडीएम को बताया कि गांव के किसान नत्थुराम पुत्र तुलछाराम की डेढ़ बीघा, नारायण राम पुत्र सुरजाराम की दो बीघा भूमि, मनसुखाराम पुत्र उमानाराम की दो बीघा भूमि, जगदीश राम पुत्र भंवराराम के खेत से दो बीघा भूमि को सिवायचक घोषित कर दी। इसके अलावा भी दर्जनों गलत पैमाइश होने की पीड़ित ग्रामीणों की जानकारी प्रशासन को दी गई। ग्रामीणों ने कहा कि भूमाफियों, खनन



माफियाओं ने सांठ-गांठ कर अपने हित में अधिकारियों से पैमाईश करवाई है। तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक पर आपत्तियों का सही निस्तारण नहीं करने के आरोप लगाए। पारीक से ग्रामीणों ने कहा कि 70 प्रतिशत खेतों की पैमाइश में गड़बड़ी हुई है और उन जमीनों को सवायचक भूमि घोषित कर दी गई। इसके अलावा नए कटानी रास्ते बनाकर गांव में विवाद की स्थिति पैदा कर दी गई है। इसके अलावा प्रशासक संतोष गोदारा ने कहा कि गांव में भारी पेयजल किल्लत है। गांव में नई टंकी होने के बावजूद भी घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कैंप से एक दिन पूर्व अधिकारियों ने पानी की सप्लाई खोली है। जबकि इससे पहले गांव में पेयजल आपूर्ति नहीं हुई। गांव चरला में स्थाई नर्सिंग कर्मी लगाने की मांग भी उठी। लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को बेबी किट, बधाई पत्र एडीएम संतोष मीणा, प्रशासक संतोष गोदारा के द्वारा सौंपे गए।

महिला अधिकारिता विभाग की सुपर वाइजर प्रीति, सुमन चौधरी, पूनम मौजूद रही। शिविर में सहायक विकास अधिकारी ठाकुरमल कताला, कृषि विभाग के सहायक निदेशक गोविंद सिंह राठौड़, सीबीईओ सुनीता पूनिया, सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनुप सैनी, महेश ओझा, किशनाराम, भागीरथ, मालाराम, गणेश, नौरतन, मुकेश सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी, ग्रामीण मौजूद रहे।

## शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी के मार्फत सौंपा गया है। जानकारी के अनुसार राजस्थान शिक्षक संघ एसटीएफआई के मंत्री शिवपालसिंह राजियासर, कोषाध्यक्ष सुधेंद्र जोशी आदि ने ये ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रीष्मकालीन अवकाश पूर्ववत लागू कर शैक्षिक सत्र एक जुलाई से प्रारंभ करने, पोषाहार और ट्रांसपोर्ट वाउचर का लंबे समय से बकाया भुगतान अविलंब किए जाने, सभी विद्यालयों में



पर्याप्त स्टाफ, बिजली-पानी और कमरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, विद्यालयों की स्वच्छता हेतु प्रत्येक विद्यालय में नियमित सफाई कर्मचारी की नियुक्ति करने की मांगे की गई हैं। इसी प्रकार सभी संवर्गों के लिए स्थाई स्थानांतरण नीति लागू कर स्थानांतरण किए जाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन सौंपते वक्त अनेक शिक्षक मौजूद रहे।


**NAME CHANGE**

I zaveed Hussain Chouhan s/o Zakir Hussain Ismail Chouhan resident of K.K. Colony Block A Z & Z Palace Jhunjhunu (Raj). I have changed my name from zaveed Hussain Zakir Hussain Chouhan to zaveed Hussain Chouhan. Now in the future I should be known and recognized by zaveed Hussain Chouhan. for all purposes.



**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that the State Environment Impact Assessment Authority (SEIAA), Rajasthan has accorded Environmental Clearance for Proposed Medical College and Hospital Sanskar Institute of Medical Science and Research Centre coming up at Khasra No. 4119/893, 898, 3866/900, 901, 902, 902/3223, 903, 345 Village Sargoth, Tehsil Reengus, District Sikar Rajasthan promoted by Rukmani Devi Memorial All Care Foundation vide File no. RJ/26/SEAC2(06)/INFRA2/EC/1175 and proposal No 575898 dated 13/06/2026. General Public is further informed that copy of said Environmental Clearance letter is available on the websites of https://parivesh.nic.in/

**Rukmani Devi Memorial All Care Foundation**


## तेज रफ्तार ट्रेलर ने मां-बेटे को कुचला

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के हरमाड़ा थाना क्षेत्र के नींदड़ मोड़ पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां और बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। सीमेंट से भरे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार मां-बेटे को पीछे से टक्कर मार दीए जिसके बाद दोनों ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गए। थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 9 बजे चौमू से जयपुर की ओर आ रहा सीमेंट से भरा ट्रेलर नींदड़ मोड़ के पास आगे चल रही बाइक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार महिला और उसका बेटा सड़क पर गिर गए और ट्रेलर उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। इस हादसे में 40 वर्षीय संगीता कंवर और उनके 18 वर्षीय बेटे सूर्या कृष की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मूलत: डीडवाना-कुचामन जिले के परबतसर क्षेत्र के निवासी थे और वर्तमान में जयपुर के हरमाड़ा क्षेत्र स्थित मनसा माता नगर में किराए के मकान में रह रहे थे।

## बिना ओपन हार्ट सर्जरी के हार्ट वाल्व का उपचार

### टीएवीआई तकनीक से मरीजों को मिल रही नई जिंदगी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देश में बढ़ते हृदय रोगों के बीच एओर्टिक वाल्व की गंभीर समस्या अब आधुनिक चिकित्सा तकनीक के जरिए बिना ओपन हार्ट सर्जरी के भी सफलतापूर्वक उपचार योग्य हो गई है। इस उन्नत प्रक्रिया को ट्रांस-कैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन टीएवीआई कहा जाता है। कोटा निवासी 76 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति को लंबे समय से सांस फूलने और दैनिक कार्यों में परेशानी हो रही थी। जांच में गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस पाया गया, जिसके लिए पहले ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी गई थी। अधिक उम्र और जोखिम को देखते हुए उन्होंने वैकल्पिक उपचार अपनाया, जिसके बाद टीएवीआई तकनीक उनके लिए सुरक्षित विकल्प साबित हुई। स्ट्रक्चरल हार्ट इंटरवेंशन विशेषज्ञ डॉ. अमित गुप्ता ने बताया कि एओर्टिक वाल्व शरीर में रक्त




संचार को नियंत्रित करता है, लेकिन उम्र बढ़ने पर यह सख्त होकर संकरा हो जाता है, जिससे सांस फूलना, सीने में दर्द और बेहोशी जैसी समस्याएं होती हैं। उन्होंने बताया कि टीएवीआई प्रक्रिया में जांघ की नस के जरिए कैथेटर से नया वाल्व हृदय में प्रत्यारोपित किया जाता है, जिसमें छाती खोलने की आवश्यकता नहीं होती। डॉ. गुप्ता के अनुसार इस तकनीक के प्रमुख लाभ हैं, कम दर्द, कम रक्तस्राव, 2-3 दिन में अस्पताल से छुट्टी और 1-2 दिनों में सामान्य जीवन में वापसी। यह तकनीक विशेष रूप से बुजुर्ग और हाई-रिस्क मरीजों के लिए अत्यंत सुरक्षित और प्रभावी विकल्प है। मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर के डायरेक्टर रंजन ठाकुर ने बताया कि अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से जटिल हार्ट रोगों का उपचार बिना ओपन सर्जरी के संभव हो रहा है, जिससे मरीजों को बेहतर जीवन गुणवत्ता और तेजी से रिकवरी मिल रही है।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, श्रीमाधोपुर (सीकर)**

क्रमांक :- 256 - 64 दिनांक :- 12/06/2026

**निविदा सूचना 01/2026-27**

कृषि उपज मण्डी समिति, श्रीमाधोपुर में दिनांक 31.03.2027 की अवधि के लिए प्रकाश एवं जल व्यवस्था ठेका (अनुमानित राशि 1.20 लाख रू.) हेतु इच्छुक फर्मो/व्यक्तियों से दिनांक 24.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक बन्द लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दोपहर 2.00 बजे कमेठी द्वारा खोली जावेंगी। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में अवलोकन की जा सकती है। धरोहर राशि तथा निविदा प्रपत्र शुल्क डी.डी./बैंकर चैक/नकद प्राप्त किया जावेगा। निविदा का अवलोकन **www.sppp.raj.nic.in** व विभागीय पोर्टल **agriculture.rajasthan.gov.in** पर भी किया जा सकता है। निविदायें दो प्रथक -प्रथक लिफाफों मे अलग-अलग तकनिकी एवं वित्तीय प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत करनी है। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार मण्डी समिति को होगा।

**UBN No. : DAM2627SSOB00181**

राज.संवाद/सी/26/4962 प्रशासक सचिव


## फिल्मी स्टाइल में कार पलटने से एक युवक की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक्सप्रेस हाईवे पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि कार कई बार पलटते हुए क्षतिग्रस्त हो गई और उसके अंदर रखे नए नोट सड़क पर बिखर गए। दुर्घटना के बाद कार में सवार दो युवक मौके से फरार हो गए। थानाधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि दोपहर करीब 2:15 बजे दिल्ली की ओर जा रही एक दिल्ली नंबर की वैगनआर कार एक्सप्रेस हाईवे पर 14 नंबर पुलिया के आगे अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार कार मोड़ पर नियंत्रण खो बैठी और डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार तीन-चार बार पलटी खाते हुए दूर जाकर रुकी। हादसे के दौरान कार के शीशे और गेट टूट गए तथा वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसी दौरान कार के भीतर रखे 10-10 और 1-1 रुपए के नए नोट सड़क पर बिखर गए। एक युवक का शव भी कार से बाहर आकर सड़क पर गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कार में सवार दो युवक मौके से भाग निकले, जबकि घायल युवक को राहगीरों ने संभालकर सड़क किनारे बैठाया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को कांवटिया अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया गया है और मृतक तथा फरार युवकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में कार से शराब की बोतलें और नए नोट बरामद हुए हैं। पुलिस का मानना है कि कार में सवार युवक शराब के नशे में थे और तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। मामले की जांच जारी है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत चिराना

# पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/47 दिनांक :- 11-06-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**


इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | ग्राम पंचायत चिराना के पंचायत भवन के उपर अटल ज्ञान सेवा केन्द्र भवन एवं सीढी निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2627A 0291 | ZJU2627WSOB 00490 | 2026_PRD_ 568605_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत चिराना
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चिराना
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

# मानसून पूर्व ही नगर पालिका की खुली पोल



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में मंगलवार प्रात: 4:15 बजे से 5:15 बजे तक 1 घंटे बरसात हुई जिससे कस्बे के मुख्य मार्गो पर पानी झमाझम भरा हुआ था। वही ढोली बस्ती में घरों में पानी घुस गया। इसके अलावा कस्बे के बीचों बीच गेनाणी में लगे पंपसेट में लाइट जाने के बाद तेल नहीं होने के कारण पानी निकासी नहीं हो सकी। इसके साथ ही राजकीय चिकित्सालय में लेबर रूम के आगे भी पानी इकट्ठा हो गया। जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा इसके साथ ही नालों की सफाई नहीं होने के कारण पानी गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंच रहा था। जिला कलेक्टर ने 1 महीने पहले ही आपदा को लेकर अलर्ट कर दिया था लेकिन प्रशासन के किसी तरह का कोई फर्क नहीं पड़ा जिसका खामियाजा कस्बे वासी भुगत रहे हैं। समय रहते हुए पालिका प्रशासन इस महत्वपूर्ण समस्या पर अगर ध्यान दे तो कस्बे वासियों को आने वाले मानसून में खामियाजा नहीं उठाना पड़े।

# शहरी सेवा शिविर आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से नगरपालिका तारानगर में मंगलवार को शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। शिविर के दौरान जांगिड़ ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों से रूबरू होकर उनकी व्यक्तिगत समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना। कई नागरिकों ने मौके पर ही अपनी मांगें रखी, जिन पर जांगिड ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। प्रमाण पत्र वितरण के बाद संबोधित करते हुए जांगिड़ ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार की संवेदनशील, जवाबदेह और जनहितैषी कार्यशैली के कारण आज आमजन को सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ सरलता और पारदर्शिता के साथ मिल रहा है। पहले जहां लोगों को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, वहीं अब शिविरों के माध्यम से एक ही छत के नीचे सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित नहीं रखा जाए। हमारा ध्येय है कि सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक 100 प्रतिशत पहुंचे। शिविर में एसडीएम प्रियंका कड़ेला और नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने भी उपस्थित लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में अजीत सिंह राठौड़, जसवंत स्वामी, हरि इंदौरिया, शिव कुमार साखोलिया, नरेश सैनी, माणकचंद सैनी, त्रिलोक रेगर, फारूक, जुल्फिकार हिसारिया, अनिल कुमार कनिष्ठ अभियंता, रेणु कुमारी, ओमप्रकाश कनिष्ठ अभियंता, पन्नालाल सैनी सहित नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारी, वार्ड पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। शिविर में आए लोगों ने सरकार की इस पहल और प्रशासन की कार्यशैली की सराहना की। लाभार्थियों ने कहा कि शिविर लगने से उन्हें बिना भाग दौड़ किए योजनाओं का लाभ मिल गया है।

# सीजेपी संस्थापक पर हमला करने वाले पांचों आरोपियों को मिली जमानत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के शहीद स्मारक पर प्रदर्शन के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके पर हुए हमले के मामले में गिरफ्तार पांचों आरोपित राकेश गुर्जर, रोहित शर्मा एअजय शर्मा एनिकेत और कुलदीप सिंह को मंगलवार को जमानत मिल गई। पुलिस ने आरोपियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। न्यायालय ने सभी आरोपियों को 20-20 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत देते हुए छह माह तक शांति बनाए रखने के लिए पाबंद किया है। अधिवक्ता बसंत पारीक ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को प्रदर्शन के दौरान हुए विवाद और मारपीट के बाद पांच युवकों को हिरासत में लिया था। जमानत मिलने के बाद विधायकपुरी थाने से बाहर निकले आरोपियों का उनके साथियों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और नारेबाजी की। सोमवार को शहीद स्मारक पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके पर कुछ युवकों ने हमला कर थप्पड़ मार दिए थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। हमलावर युवकों को बाद में दीपके के समर्थकों ने पकड़ लिया था और उनके साथ भी मारपीट की गई थी। अधिवक्ता बसंत पारीक के अनुसार गिरफ्तार किए गए रोहित शर्मा, राकेश गुर्जर, अजय शर्मा और कुलदीप सिंह शेखावत आपस में मित्र हैं और प्रदर्शन देखने पहुंचे थे। वहीं निकेत जोधपुर से कार्यक्रम में शामिल होने आया था तथा बताया जा रहा है कि वह सीजेपी का कार्यकर्ता भी रहा है। प्रदर्शन के दौरान विचारधारा को लेकर विवाद बढ़ा और मामला मारपीट तक पहुंच गया। डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि आरोपियों में से तीन युवक एक-दूसरे को पहले से जानते थे, जबकि कुलदीप और निकेत अन्य आरोपियों से परिचित नहीं थे। इस घटना के बाद अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि हमले के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस से जुड़े लोगों का हाथ हो सकता है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई सरकार या उसकी विचारधारा के खिलाफ आवाज उठाता हैए ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। दीपके ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण है और किसी भी प्रकार के हमले से वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर उनका अभियान जारी रहेगा। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। प्रदर्शन के दौरान हुए विवादए मारपीट और उससे जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। फिलहाल पांचों आरोपियों को जमानत मिल चुकी है जबकि मामले की जांच जारी है।

# व्यापारी हत्याकांड का खुलासा : पैसों के विवाद में दोस्त ही निकला कातिल

निंस

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिवदासपुरा थाना पुलिस ने महज 24 घंटे में अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने व्यापारी हरिशंकर शर्मा 40 की हत्या के मामले में उसके दोस्त सीताराम शर्मा और उसके साढ़ू भाई संदीप शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने उधार के लाखों रुपए के लेनदेन के विवाद में हरिशंकर की बेरहमी से हत्या कर दी थी और शव को प्लास्टिक के कट्टे व तिरपाल में लपेटकर वैगनआर कार की डिक्की में रखकर करीब 18 घंटे तक जयपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों में घूमते रहे। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि 15 जून को परिवादी प्रहलाद शर्मा ने अपने भाई हरिशंकर शर्मा निवासी विधाणी की हत्या का मामला दर्ज कराया था कि हॉस्टल संचालक सीताराम शर्मा ने निर्माण कार्य और हॉस्टल निर्माण के लिए हरिशंकर से करीब 50 लाख रुपए उधार लिए थे तथा निर्माण सामग्री भी ली थी। रुपए वापस मांगने पर विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने हरिशंकर का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी। जांच में सामने आया कि 13 जून की शाम हरिशंकर शर्मा पैसों के लेनदेन की बातचीत करने सीताराम के पास पहुंचा था। उस समय सीताराम और उसका साढ़ू संदीप वहां मौजूद थे।

बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी और गाली-गलौज हो गई। इसी दौरान हरिशंकर ने कथित रूप से सीताराम की उंगली काट ली। गुस्से में सीताराम ने हरिशंकर के गुप्तांग पर जोरदार लात मारी और उसके साथ मारपीट की। चोट लगने से हरिशंकर नीचे गिर पड़ा और सिर चौखट से टकराने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राइवेट पार्ट और सिर में लगी चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद दोनों आरोपियों ने शव को भैंसों के बाड़े में भूसे के बीच छिपा दिया और अपने.अपने घर चले गए। अगले दिन सुबह दोनों वापस आए और शव को प्लास्टिक के कट्टे तथा तिरपाल में



लपेटकर रस्सियों से बांध दिया। इसके बाद परिचित की वैगनआर कार आरजे-02 सीई-8387 सामान लाने का बहाना बनाकर ली और शव को डिक्की में रख दिया। सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपी शव कार में रखने के बाद घर के बाहर लगी पानी की टंकी पर हाथ धोते हुए भी दिखाई दिए। इसके बाद वे सामान्य व्यवहार करते हुए आसपास के लोगों से बातचीत करते रहे ताकि किसी को शक न हो। एसीपी चाकसू भवानी सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी दोपहर से लेकर पूरी रात शव को ठिकाने लगाने के लिए जयपुर शहर और आसपास के इलाकों में घूमते रहे। लोगों की आवाजाही और पकड़े जाने के डर से वे शव को कहीं फेंक नहीं सके। करीब 18 घंटे तक शव कार की डिक्की में ही रखा रहा। मामले का खुलासा तब हुआ जब कार मालिक ने वाहन वापस मांगा। लगातार दबाव बनाने पर सीताराम ने गुस्से में उसे हत्या और कार में शव रखे होने की जानकारी दे दी। इसके बाद कार मालिक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर एफएसएल टीम से साक्ष्य जुटाए और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी विश्लेषण और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने करीब 150 किलोमीटर तक पीछा कर सीताराम शर्मा 46 निवासी ग्राम विधाणी थाना शिवदासपुरा जयपुर और संदीप शर्मा 43 निवासी मुरलीपुरा जयपुर को अजमेर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हत्या की वारदात पैसों के लेनदेन के विवाद से जुड़ी थी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। इस त्वरित कार्रवाई में थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, उप निरीक्षक धर्मसिंह, कांस्टेबल अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल रामसिंह, लोकेश, कांस्टेबल संतोष चाहर और लालाराम की विशेष भूमिका रही।

# सघन नाकाबंदी अभियान : यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर के बाईपास मार्ग हाईवे पर सघन नाकाबंदी अभियान चलाया। अभियान के तहत निम्बी रोड, कोर्ट चौराहा और तिरपाल मंडी क्षेत्र में वाहनों की गहन जांच की गई। सीआई शिंभू दयाल मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक डॉ प्यारेलाल शिवरान के निर्देशानुसार नाकाबंदी की गई। पुलिस टीम ने वाहनों के दस्तावेज, सुरक्षा मानकों और यातायात नियमों की जांच करते हुए कई वाहनों से अवैध काली फिल्म उतरवाई।

साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना वसूला गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करना तथा दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपने सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है ताकि कार्रवाई से बचा जा सके।

# करंट बालाजी मंदिर के सामने जलभराव

## श्रद्धालु परेशान, नाला जाम होने से बढ़ी समस्या



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के कोर्ट चौराहे से मंगलपुरा मार्ग पर स्थित करंट बालाजी मंदिर के सामने बारिश का पानी जमा होने से श्रद्धालुओं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर आने वाले भक्तों को जलभराव के बीच होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासी जयप्रकाश जेपी माली, विकास शर्मा और मनोज स्वामी ने बताया कि दशहरा मेला ग्राउंड की दीवार के पास बना नाला जाम होने के कारण वर्षा का पानी निकासी नहीं हो पा रहा है। नतीजतन मंदिर के मुख्य द्वार के सामने पानी भर गया है और स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग मंगलपुरा क्षेत्र के लिए प्रमुख आवागमन का रास्ता है, ऐसे में जलभराव से आमजन के साथ-साथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी असुविधा झेलनी पड़ रही है। बरसात के दौरान फिसलन और दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। निवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि जाम नाले की सफाई कर जल निकासी की व्यवस्था तत्काल करवाई जाने एवं नगरपालिका ईओ हरेंद्र चौधरी से समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

# बरसात से बह गई सड़क किनारे बनी दीवारी

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र की नानुवाली बावड़ी में निर्माणाधीन सड़क किनारे बनी दिवार पहली बरसात भी नहीं झेल पाई। बरसात के साथ दिवार बह जाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर लापरवाही एवं अनियमितता के आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य अभी शुरुआती चरण में ही है लेकिन इसमें कई खामियां दिखाई दे रही हैं। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के दोनों ओर सुरक्षा एवं मजबूती के लिए दीवारें बनाई जानी थी लेकिन ठेकेदार द्वारा यह कार्य नहीं किया जा रहा है।

वहीं जहां निर्माण कार्य किया गया है, वहां भी घटिया सामग्री उपयोग में लेने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीण संजय सैनी ने बताया कि गांव के लोगों को लंबे समय से सड़क निर्माण का इंतजार था। करीब बीस वर्षों बाद यह सड़क बन रही है लेकिन निर्माण कार्य में गुणवत्ता का अभाव



दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि यदि अभी से कार्य की निगरानी नहीं की गई तो भविष्य में सड़क जल्दी खराब हो सकती है और सरकारी धन का दुरुपयोग होगा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार पुरानी सड़क को पूरी तरह उखाड़ने के बजाय उसी के ऊपर नई सड़क बना रहा है, जो तकनीकी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि पुरानी सड़क को हटाकर मानकों के अनुसार नई सड़क का निर्माण कराया जाए। इसके अलावा सड़क किनारे बनाई गई दिवार में भी तय सामग्री का उपयोग नहीं किया गया, जिसके चलते पहली बरसात के साथ दिवार बह गई। दिवार के गिर जाने से बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है। सड़क से रोजाना वाहन निकलते हैं जिससे हादसे का भय बन गया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करवाने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे। प्रदर्शन में अनिल सैनी, बनवारी लाल, मुकेश, सत्यवीर, जगदीश प्रसाद, सुमेर सैनी, लालचंद सैनी, नरोत्तम सैनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### इनका कहना है

दीवार के पास पानी भर जाने वह डेमेज होने के कारण गिर गई। दीवार का दोबारा से निर्माण करवा दिया जाएगा।

**प्रणव कुमार**
**एक्सईएन पीडब्ल्यूडी, खेतड़ी**

# कीर्ति पाठक बनी आम आदमी पार्टी राजस्थान की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

निंस

**जयपुर ( नवयत्न )।** आम आदमी पार्टी ने राजस्थान में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए वरिष्ठ नेता कीर्ति पाठक को प्रदेश का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं में उत्साह का माहौल है। आम आदमी पार्टी राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्रा ने बताया कि यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, राजस्थान प्रभारी धीरज टोकस, सह-प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज तथा केंद्रीय नेतृत्व के विश्वास और दूरदर्शी सोच का परिणाम है। राजस्थान प्रभारी धीरज टोकस ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि कीर्ति पाठक के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी राजस्थान में एक मजबूत, जनहितैषी और प्रभावी विपक्ष की भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि कीर्ति पाठक के अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और जनसरोकारों के प्रति समर्पण से पार्टी को नई दिशा और नई



ऊर्जा मिलेगी। सह-प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश के कार्यकर्ता कीर्ति पाठक के नेतृत्व में संगठित होकर समाज के हर वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाएंगे तथा पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि आम आदमी पार्टी राजस्थान में एक सशक्त और सकारात्मक राजनीतिक विकल्प के रूप में अपनी भूमिका और मजबूत करेगी। मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्रा ने बताया कि कीर्ति पाठक का राजनीतिक और सामाजिक जीवन जन आंदोलनों से जुड़ा रहा है। उन्होंने अन्ना आंदोलन से अपनी सार्वजनिक यात्रा की शुरुआत की और तब से पार्टी संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्टी ने उनकी कार्यक्षमता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए समय-समय पर उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपीं। कीर्ति पाठक प्रदेश स्तर पर फ्रंटल विंग की जिम्मेदारी, प्रदेश उपाध्यक्ष तथा प्रदेश महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सफलतापूर्वक कार्य कर चुकी हैं। जिला स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनके लंबे अनुभव, समर्पण, संघर्षशील नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें राजस्थान का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कीर्ति पाठक को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

# राजस्थान का पहला जेनरेटिव एआई कैंपस लॉन्च वीजीयू ने गूगल क्लाउड से मिलाया हाथ

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पहली बार विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी जयपुर ने गूगल क्लाउड के साथ मिलकर राज्य का पहला जेनरेटिव एआई कैंपस लॉन्च किया है। इस पहल के तहत विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड टेक्नोलॉजी और इंटेलिजेंट ऑटोमेशन को शिक्षा, शोध और नवाचार के केंद्र में रखा जाएगा। वीजीयू के सीईओ ओंकार बगारिया ने बताया कि इस पहल से विश्वविद्यालय के 19 हजार से अधिक छात्र, फैकल्टी और स्टाफ लाभान्वित होंगे। साथ ही 10 हजार से अधिक छात्रों को जेमिनी एंटरप्राइज फॉर एजुकेशन की सुविधा मिलेगी, जिससे वे रिसर्च, कंटेंट क्रिएशन, कोडिंग, डेटा एनालिसिस और प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग में अत्याधुनिक जेनरेटिव एआई टूल्स का उपयोग कर सकेंगे। वीजीयू के सीईओ ने बताया कि एआई कैंपस के तहत इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट, लॉ, डिजाइन, हेल्थ साइंसेज, लिबरल स्टडीज और मीडिया जैसे विभिन्न विषयों में एआई आधारित शिक्षा और शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय का लक्ष्य खुद को एक एआई-फर्स्ट यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित करना है जहां पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धति, अनुसंधान और उद्योग सहभागिता में एआई को शामिल किया जाएगा। वीजीयू के सीईओ ओंकार बगारिया ने बताया कि इस साझेदारी के तहत गूगल क्लाउड के सहयोग से एक इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड बीटेक प्रोग्राम भी शुरू किया जाएगा। चार वर्षीय इस पाठ्यक्रम में छात्रों को क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और उभरती तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही छात्रों को चार गूगल क्लाउड सर्टीफिकेशन्स, गियर क्रेडेंशियल्स और डीपमाइंड एआई करिकुलम के विशेष मॉड्यूल्स प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। वीजीयू के सीईओ ओंकार बगारिया ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में




एक समर्पित गूगल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी स्थापित किया जाएगा, जहां लाइव लैब्स, इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स, हैकाथॉन, रिसर्च प्रोग्राम और इमर्सिव लर्निंग के माध्यम से छात्रों को वास्तविक दुनिया की एआई चुनौतियों पर काम करने का अवसर मिलेगा। गूगल इंडिया में इंडिया हेड एडटेक और एजुकेशन वैभव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वीजीयू के साथ साझेदारी की हैं और उन्हें गूगल क्लाउड के डिजिटल कैंपस ऑन गूगल क्लाउड कार्यक्रम से जोड़ने पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

# छात्र विरोधी नियम को वापस लेने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** एमजेडी राजकीय महाविद्यालय तारानगर के विद्यार्थियों ने बीकानेर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के नाम महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यार्थियों बीकानेर विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये नये नियम जिसके तहत किसी भी विद्यार्थी के सेमेस्टर में बैक हो तो वो छात्र अगले सेमेस्टर में प्रवेश नहीं ले सकता, इस नियम का विरोध जताया। विद्यार्थियों ने छात्र विरोधी इस नियम को वापस लेने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि विश्वविद्यालय ने अपना यह नियम वापस नहीं लिया तो छात्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान महाविद्यालय के अध्यक्ष रहे शंकर नारायण शर्मा, छात्र प्रतिनिधि धर्मवीर जोईया, अमित कुमार, अख्तर टाक, दीपांशु दईया, हिमांशु शर्मा, इरफान खान, पुनीत सहित अन्य छात्र मौजूद रहे ।

## सम्पादकीय

# समझौता कितना टिकाऊ

**अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर सहमति बनना पश्चिम एशिया के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए राहतकारी तो है, लेकिन जब तक इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो जाते और यह स्पष्ट नहीं हो जाता कि दोनों पक्षों में वस्तुतः किन-किन बिंदुओं पर सहमति बनी है, तब तक स्थायी शांति की आशा नहीं की जा सकती।**



समझौते के बिंदुओं को लेकर ईरानी मीडिया जो दावे कर रहा है, वे अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों से मेल नहीं खाते। ट्रंप कह रहे हैं कि होर्मुज समुद्री मार्ग जल्द खुल जाएगा और ईरान को वहां से निकलने वाले जहाजों से टैक्स वसूलने का अधिकार नहीं होगा, लेकिन ईरान कह रहा है कि यह समुद्री मार्ग उसकी व्यवस्थाओं के तहत खुलेगा।

एक तो इसका आशय स्पष्ट होना आवश्यक है और दूसरे, करीब सौ दिन पहले अमेरिका के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने वाले इजरायल का संतुष्ट होना भी। यह ध्यान रहे कि इजरायल कह रहा है कि वह लेबनान के उन क्षेत्रों से पीछे नहीं हटेगा, जो उसने अपने अधिकार में ले लिए हैं। उसने यह भी चेतावनी दी है कि यदि लेबनान की धरती से उस पर हमला हुआ तो ईरान समर्थित हिजबुल्ला को वह हर हाल में निशाना बनाएगा।

ईरान की ओर से भी यह रेखांकित किया जा रहा है कि अंतिम वार्ता तब तक शुरू नहीं होगी, जब तक उसकी फ्रीज संपत्तियों का कम से कम आधा हिस्सा जारी नहीं कर दिया जाता और उसके तेल पर लगे प्रतिबंध निलंबित नहीं कर दिए जाते। ऐसे में आगामी शुक्रवार तक प्रतीक्षा करनी होगी, जब जेनेवा में इस समझौते पर हस्ताक्षर होंगे।

इस समझौते पर हस्ताक्षर के बाद अगले 60 दिन तक ईरान के साथ उसके परमाणु कार्यक्रमों और अन्य विषयों पर वार्ता होगी। स्पष्ट है कि यह भी देखना होगा कि इस वार्ता का नतीजा क्या रहता है? यदि ईरान इजरायल के लिए खतरा बने हिजबुल्ला, हमास और हूती जैसे संगठनों को उसके खिलाफ उकसाता रहता है तो पश्चिम एशिया कभी भी सुलग सकता है।

ईरान के साथ समझौते को लेकर ट्रंप यह प्रकट कर रहे हैं कि उनके मन-मुताबिक समझौता हुआ, लेकिन सच तो यह है कि फिलहाल ईरान का पलड़ा भारी दिख रहा है और इसके लिए वही अधिक जिम्मेदार हैं। जो भी हो, होर्मुज समुद्री मार्ग के पहले की तरह खुलने एवं वहां से नौवहन में कोई बाधा न खड़ी होने से ही दुनिया की चिंताएं खत्म होंगी और तमाम देशों की अर्थव्यवस्थाओं के समक्ष जो गंभीर संकट पैदा हुआ, वह दूर होगा। इसमें भी समय लगेगा, क्योंकि होर्मुज से बारूदी सुरंगों को हटाने का काम करना होगा। एक तथ्य यह भी है कि ईरान ने खाड़ी के देशों में तेल और गैस संयंत्रों पर जो हमले किए, उनके चलते वे क्षतिग्रस्त हो गए हैं और उनका उत्पादन प्रभावित हुआ है।

## विशेष आलेख

# रिकॉर्ड के मोर्चे पर कौन भारी, कौन कमजोर





इस बार 11 जून की तारीख भारतीय इतिहास के लिए विशेष बनकर आई। इसी दिन निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने सबसे ज्यादा दिन शासन चलाने का रिकॉर्ड कायम कर दिया। इसके पहले निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे ज्यादा 4398 दिन प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के नाम है। मौजूदा दौर विशेषकर विजुअल मीडिया के वर्चस्व का दौर है। विजुअल मीडिया की चूंकि उत्सवधर्मिता केंद्रित है, लिहाजा इस रिकॉर्ड को लेकर सत्ता पक्ष में उत्साह का माहौल होना ही था और ऐसा है भी। लेकिन इसे लेकर आलोचनाओं की बाढ़ भी आ गई है। विशेषकर प्रगतिशील खेमे से मोदी के इस रिकॉर्ड को लेकर तंज में आलोचनाएं की जा रही हैं। इन आलोचनाओं का भाव कुछ वैसे ही है, जैसे कहां राजा भोज, कहां गंगू तेली। आलोचकों की नजर में कहावत के राजा भोज नेहरू हैं और गंगू मोदी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ अरसा पहले संसद को संबोधित करते हुए देश के विकास में अतीत के हर प्रधानमंत्री के योगदान को याद किया था। इतिहास क्रम में हर प्रधानमंत्री ने कुछ न कुछ योगदान दिया ही है। हर प्रधानमंत्री की युगीन आवश्यकताएं और परिस्थितियां अलग रही हैं।

इसलिए अव्वल तो ऐसी तुलनाएं होनी ही नहीं चाहिए थी। क्योंकि नेहरू के युग में भारत की जो स्थिति थी, वह अब नहीं है। इतिहास का कोई खंड कठिन होता है तो कोई आसान। इसलिए इतिहास के काल खंड की बुनियाद पर उस दौर के शासक की परख होनी चाहिए। इसका मतलब यह नहीं कि भविष्य का शासक अपनी उपलब्धियों का जश्न नहीं मना सकता।

प्रधानमंत्री मोदी को लेकर जिस तरह का राजनीतिक माहौल स्थापित हो चुका है, उसमे अगर प्रगतिशील खेमा और कांग्रेस की आलोचना के केंद्र में मोदी ना रहें तो ही हैरत होगी। प्रगतिशील खेमा मोदी को कमतर दिखाने की कोशिश में नेहरू को सबसे ज्यादा दिनों तक प्रधानमंत्री दिखाने की कोशिश कर रहा है। इस आलोक में इतिहास के तथ्यों को जांचना जरूरी है। इसमें दो राय नहीं कि जब 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिली, तब पंडित जवाहर लाल नेहरू ने ही देश के पहले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। लेकिन वह किसी एक दल विशेष यानी कांग्रेस की ही सरकार नहीं थी, बल्कि एक तरह से वह राष्ट्रीय सरकार थी, जिसमें अंबेडकर भी थे और श्यामाप्रसाद मुखर्जी भी।

द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद ऐसा लगने लगा था कि भारत को आजादी मिल जाएगी। इस बीच ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार बनी और लॉर्ड एटली प्रधानमंत्री बने। एटली ने चुनावी वादा किया था कि अगर उनकी पार्टी की सरकार बनी तो भारत को स्वाधीनता दी जाएगी। जब उन्होंने ब्रिटेन की कमान संभाल ली तो उन्होंने भारत को आजादी देने की प्रक्रिया तेज कर दी। इसी सिलसिले में 1946 में कैबिनेट मिशन भारत आया। मिशन के सामने सवाल यह था कि सत्ता का हस्तांतरण किसे किया जाएगा, क्योंकि उन दिनों भारत में दो बड़े और प्रमुख दल थे, कांग्रेस और मुस्लिम लीग। लेकिन सत्ता किसे सौंपी जाए, इस सवाल के साथ ही भारत की भावी सरकार और विधान को तैयार करने के लिए संविधान सभा का चुनाव 1946 में हुआ। इस चुनाव में कांग्रेस को 208 और मुस्लिम लीग को 73 सीटें मिलीं। दूसरे दलों और निर्दलीयों को 15 सीटें मिलीं थी। इसके पहले प्रांतीय विधानसभाओं के चुनाव हुए थे, जिसमें कांग्रेस को 923 और मुस्लिम लीग को 425 सीटें मिली थीं। कांग्रेस को सामान्य सीटों के नब्बे प्रतिशत हिस्से पर जीत मिली, मुस्लिम बहुल 87 प्रतिशत सीटों पर मुस्लिम लीग को जीत मिली। इसके बाद सबसे बड़ा दल होने के नाते कांग्रेस को ही सत्ता हस्तांतरण होना तय हुआ। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष का महत्व बढ़ गया। उन दिनों कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए अधिकांश प्रांतीय समितियों ने सरदार पटेल का नाम आगे किया था, जबकि कुछ ही प्रांतीय कांग्रेस समितियों ने जवाहर लाल नेहरू का नाम आगे किया। चूंकि गांधी जी पहले ही कह चुके थे कि उनके बाद जवाहर उनकी भाषा बोलेगा यानी सत्ता उन्हें मिलेगी, इसलिए वे ही अध्यक्ष बनाए गए। इसके बाद सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया के तहत 2 सितंबर 1946 को अंतरिम सरकार का गठन हुआ, जिसमें नेहरू जी को वायसराय की कार्यकारी परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया, उस पद का नाम प्रधानमंत्री नहीं था। इसे अंतरिम सरकार कहा गया। भले ही कुछ लोग सुविधा के लिए नेहरू के प्रधानमंत्रित्व काल को उसी दिन से मान लेते हैं। यहां याद करना जरूरी है कि वायसराय की कार्यकारी परिषद के पदेन अध्यक्ष खुद वायसराय लॉर्ड वेवेल थे। उनके बाद आए वायसराय माउंटबेटन इसके अध्यक्ष रहे।

देश को स15 अगस्त 1947 को भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 के तहत देश को आजाद घोषित किया गया। इस कानून के मूल पाठ में कहीं भी प्राइम मिनिस्टर या प्रधानमंत्री शब्द नहीं लिखा हुआ है। हालांकि पंद्रह अगस्त 1947 की आधी रात को नेहरू ने स्वाधीन सरकार के मंत्री के रूप में शपथ ली, भले ही वे उसके मुखिया थे। नेहरू ने अंग्रेजी में शपथ लेते हुए 'ऑफिस ऑफ मिनिस्टर' यानी मंत्री पद की शपथ ली थी, प्रधानमंत्री पद की नहीं। इसके बाद ही उन्होंने 'नियति से साक्षात्कार' वाला प्रसिद्ध भाषण दिया था। यहां याद करना चाहिए कि भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम के तहत तत्कालीन गवर्नर-जनरल को ब्रिटिश सम्राट के प्रतिनिधि के रूप में दोनों उपनिवेशों भारत और पाकिस्तान का संवैधानिक प्रमुख नियुक्त किया गया था। जिन्हें सलाह देने और शासन चलाने के लिए एक मंत्रि परिषद का प्रावधान था। इस प्रावधान में प्रधानमंत्री या प्रीमियर या प्राइम मिनिस्टर का कोई पद नहीं है। गवर्नर-जनरल को इसी मंत्रि परिषद की सलाह पर शासन चलाना था।

मोदी को सबसे लंबे समय तक बतौर निर्वाचित प्रधानंत्री काम करने के रिकॉर्ड को गलत साबित करने वाला प्रगतिशील तबके का तर्क है कि 1946 के चुनावों में कांग्रेस सबसे बड़ा दल बन कर उभरी और उसके निर्वाचित नेता के तौर पर नेहरू ने सरकार चलाई। लेकिन हकीकत यह है कि 1946 का चुनाव वयस्क मतदान के अधिकार और एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत के तहत नहीं हुआ था। तब वोटर होने की शर्त संपत्ति, शिक्षा, कर भुगतान आदि था। मुसलमान सिर्फ मुस्लिम बहुल सीटों के ही मतदाता थे। एक तरह से यह सार्वभौम वयस्क मतदान के अधिकार से रहित चुनाव था।

इसलिए सही मायने में 1946 का चुनाव ना तो समानता और वयस्क मतदान के अधिकार से लैस था, न ही पूरे देश के मतदाताओं का प्रतिबिंब था। एक तरह से कहें तो यह सिर्फ दस प्रतिशत लोगों के मतदान की बुनियाद पर हुआ चुनाव था। जिसमें हर वयस्क की भागीदारी नहीं थी। उन दिनों धार्मिक आधार पर अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्र भी थे। इसलिए 1946 का चुनाव सही मायने में संतुलित मतदान नहीं था। स्वाधीन भारत में पहला आम चुनाव 1951 -52 के बीच हुआ। जिसमें कांग्रेस को 364 सीटें मिलीं। इसी नतीजे के आधार पर पंडित नेहरू ने 13 मई 1952 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और 27 मई 1964 को मृत्यु पर्यंत अपने पद पर रहे। इसी लिहाज से नेहरू का निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल 4398 दिन ही होता। आधुनिक सार्वभौम मतदान के अधिकार और सिद्धांत के लिहाज से देखें तो पंडित नेहरू का निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर असल कार्यकाल 13 मई 1952 से 27 मई 1964 तक का ही होता है।


रही बात नेहरू और मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों की, तो इसकी तुलना की जा सकती है। भारत की आजादी के वक्त देश में बीस विश्वविद्यालय थे, जिसे नेहरू ने अपने कार्यकाल में 64 तक पहुंचा दिया था। इस लिहाज से देखें तो मोदी के कार्यकाल में देश में साढ़े पांच सौ से ज्यादा विश्वविद्यालय हो चुके हैं। नेहरू समर्थक कह रहे हैं कि आजादी के वक्त देश में 15 मेडिकल कॉलेज थे, जिनकी संख्या बढ़ाकर नेहरू ने 81 कर दी थी।

## स्वास्थ्य समाचार

# चेहरे पर आलू के रस में मिलाकर लगाएं हल्दी और बेसन, दूर होंगी कई समस्याएं

आलू स्वाद के साथ ही पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। आलू को सभी तरह की सब्जी के साथ मिक्स करके बनाया जा सकता है। कई लोग आलू का उपयोग आंखों के नीचे हुए काले घेरों को दूर करने के लिए करते हैं। इतना ही नहीं, आलू त्वचा के दाग-धब्बों से भी छुटकारा दिलाने में असरदार होता है। अगर आप अपने चेहरे पर आलू का रस लगाएंगे, तो इससे तमाम समस्याओं से निजात मिल सकता है। आप चाहें तो आलू के रस को सीधे तौर पर चेहरे पर लगा सकते हैं। या फिर आप आलू के रस में हल्दी और बेसन मिक्स करके भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं।





### डार्क सर्कल्स से छुटकारा दिलाए

अगर आप डार्क सर्कल्स से परेशान हैं, तो आलू के रस में हल्दी और बेसन मिक्स करके लगा सकते हैं। अक्सर लोग आलू के स्लाइस को आंखों पर रख देते हैं। इससे डार्क सर्कल्स रिमूव करने में मदद मिलती है। लेकिन आप हल्दी और बेसन मिलाकर भी लगा सकते हैं। इससे डार्क सर्कल्स से आसानी से छुटकारा मिल जाएगा। आलू का रस आंखों की सूजन को भी कम करने में मदद करता है। आप चाहें तो इसमें शहद भी मिक्स कर सकते हैं। इससे त्वचा मुलायम बनेगी।

### दाग-धब्बों से निजात दिलाए

कई लोग अपने चेहरे के दाग-धब्बों से परेशान रहते हैं। दाग-धब्बे चेहरे की खूबसूरती को खराब कर देते हैं। अगर आपके चेहरे पर भी दाग-धब्बे, सनटैनिंग या पिग्मेंटेशन हैं, तो आप दाग-धब्बों से छुटकारा पा सकते हैं। आलू के रस में विटामिन सी होता है, जो दाग-धब्बों को मिटाने में सहायक होता है। वहीं, हल्दी और बेसन में मौजूद गुण भी दाग-धब्बों से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं।

### डेड स्किन सेल्स रिमूव करे

डेड स्किन सेल्स को समय-समय पर निकालना बहुत जरूरी होता है। इससे त्वचा पर चमक बनी रहती है। इसके लिए आप 2-3 चम्मच आलू का रस लें। इसमें हल्दी, बेसन और चावल का आटा मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 1-2 मिनट के लिए स्क्रब करें। इससे चेहरे पर जमा सारी मृत कोशिकाएं आसानी से निकल जाएंगी। साथ ही, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से भी छुटकारा मिलेगा।

### ऑयली स्किन की समस्या दूर करे

ऑयली स्किन से कई लोग परेशान रहते हैं। इतना ही नहीं, ऑयली स्किन वाले लोग मेकअप भी सही तरीके से नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप अपनी त्वचा की चिपचिपाहट को कम करने के लिए आलू के रस में हल्दी और बेसन मिलाकर सकते हैं। बेसन त्वचा से अतिरिक्त ऑयल को निकालने में मदद करता है। दरअसल, बेसन सीबम के उत्पादन को कम करता है, इससे त्वचा से एक्स्ट्रा ऑयल को कम करने में मदद मिलती है।

### एजिंग के लक्षणों को कम करे

एजिंग के लक्षणों को कम करने के लिए भी आप आलू के रस में हल्दी और बेसन मिक्स करके लगा सकते हैं। आलू का रस झुर्रियों और फाइन लाइंस को कम करने में असरदार होता है। आलू के रस में हल्दी और बेसन मिलाकर लगाने से रोमछिद्र टाइट होते हैं और त्वचा में कसाव बना रहता है। उम्र से पहले एजिंग को रोकने के लिए आलू के रस को इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है।

# मेनोपॉज के लक्षणों को कम करने के लिए डाइट में शामिल करें यह फूड्स

मेनोपॉज महिला के जीवन का अहम पड़ाव होता है। यह 45 से 50 साल की उम्र की महिला में होता है। इसमें शारीरिक परिवर्तन के साथ मानसिक तौर पर भी बदलाव होता है। इस समय महिला को अपना खास तौर पर ख्याल रखना चाहिए। मेनोपॉज होने से पहले महिला के शरीर में कई तरह के लक्षण नजर आते हैं जैसे तनाव, थकान, भूख कम लगना, रात को अधिक पसीना, मूड स्विंग और हड्डियां कमजोर होने लगना आदि। मेनोपॉज के लक्षण 1 से 2 साल पहले से ही दिखने शुरू हो सकते हैं। मेनोपॉज से गुजर रही महिला के शरीर में कमजोरी काफी हो जाती है। ऐसे में उन्हें अपनी डाइट का विशेष तौर पर ख्याल रखना चाहिए, जिससे महिला की शरीर की कमजोरी दूर हो और वह लंबे समय तक हेल्दी रह सकें। इन फूड्स के सेवन से मेनोपॉज में होने वाले लक्षण कम होते हैं और शरीर को ताकत भी मिलती है।

### सोया उत्पाद

सोया उत्पाद शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। मेनोपॉज महिला का सोया उत्पाद से बनी चीजों का सेवन करना चाहिए। इसमें फाइटोएस्ट्रोजेन नामक तत्व होता है। मेनोपॉज के दौरान एस्ट्रोजन का स्तर कम हो जाता है। ऐसे में यह तत्व मेनोपॉज के लक्षणों को कम करने में मदद करता हैं। सोया उत्पाद के लिए सोया दूध, चंक या फिर इसकी सब्जी बना कर खाई जा सकती हैं।

### अलसी के बीज

अलसी के बीज खाने से शरीर की कई समस्याएं दूर होती हैं। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, सोडियम और पोटेशियम पाया जाता हैं। इसके सेवन से मेनोपॉज के लक्षणों से राहत मिलती हैं। इसमें लिगनेन नामक तत्व पाया जाता है, जो हार्ट को हेल्दी रखता है। अलसी के बीज को दही, दलिया, या सलाद पर डालकर खा सकते हैं।

### मछली

फैटी फिश शरीर के लिए फायदेमंद होती है। इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा अधिक होती है, जो सूजन को कम करने और मूड को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है।

यह मछली खाने से जोड़ों में दर्द की समस्या से राहत मिलती है और हार्ट भी हेल्दी रहता है। इसे ग्रिल करके खाया जा सकता है।

# इन लोगों को नहीं पीना चाहिए सौंफ का पानी

हमारी किचन में मौजूद सौंफ खाने का स्वाद बढ़ाने के अलावा हेल्थ के लिए भी अच्छी होती है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के साथ कैल्शियम, सोडियम, पोटैशियम और आयरन जैसे न्यूट्रिएंट्स होते हैं। हम में से बहुत से लोग खाना खाने के बाद सौंफ को माउथ फ्रेशनर के रूप में खाते हैं। कुछ इसका लुफ्त सब्जी की करी, चाय और मिठाई में डालकर लेते हैं, वहीं कई लोग इसे रोजाना गर्म पानी में मिलाकर पीना पसंद करते हैं। एक गिलास सौंफ का पानी पीने से पाचन में मदद मिलती है, शरीर में सूजन कम होती है, वजन कम होता है और ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। इसके अलावा, इसे पीने से शरीर में हाइड्रेशन बढ़ता है, यह ब्लड को प्यूरिफाई करता है और अर्थराइटिस के दर्द को दूर करता है। लेकिन, हर किसी को सौंफ का पानी पीने से फायदा नहीं होता है। एक्सपर्ट का कहना है, कुछ व्यक्तियों को सौंफ के बीज से एलर्जी होती है, इसलिए इसका पानी पीने से परेशानी हो सकती है। यदि आपको सौंफ के बीज का पानी पीने के बाद खुजली, दाने या सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण महसूस होते हैं, तो इसे पीना तुरंत बंद कर दें और डॉक्टर से परामर्श करें।



### ब्लड क्लॉटिंग की समस्या

सौंफ के बीज में एनेथोल होता है। इसमें ब्लड को पतला करने वाले प्रभाव होते हैं। अगर आपको ब्लीडिंग डिस्ऑर्डर है या आप ब्लड को पतला करने वाली दवाएं ले रहे हैं, तो सौंफ का पानी पीने से पहले किसी एक्सपर्ट से सलाह लें।

### प्रेग्नेंट या ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली महिलाएं

जब सौंफ को कम मात्रा में खाया जाता है, तब प्रेग्नेंसी और ब्रेस्टफीडिंग के दौरान सुरक्षित माना जाता है। लेकिन, ब्रेस्टफीडिंग के दौरान सौंफ का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे शिशु की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

### हार्मोन असंतुलन की समस्या

सौंफ के बीज में ऐसे यौगिक होते हैं, जिनका एस्ट्रोजन जैसा प्रभाव होता है। हालांकि, सौंफ को ज्यादातर लोगों के लिए सुरक्षित माना जाता है, लेकिन हार्मोन असंतुलन और कुछ तरह कैंसर या एंडोमेट्रियोसिस से ग्रस्त व्यक्तियों को सौंफ का पानी पीने से पहले डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

### स्किन एलर्जी

कई लोगों की स्किन सेंसिटिव होती है। ऐसे लोगों को सौंफ का पानी पीने से एलर्जी की समस्या हो सकती है और चेहरे पर दाने भी आ सकते हैं। ऐसे में उनके लिए सौंफ का पानी पीना सही नहीं होगा।

### लो ब्लड शुगर

अगर आपको लो ब्लड शुगर की समस्या है, तो सौंफ का पानी पीने से बचना चाहिए। सौंफ में ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिससे ब्लड शुगर कम हो सकता है और समस्या बढ़ सकती है।

## आज का राशिफल

### मेष

पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें। स्थायी संपति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है।

### वृष

आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### मिथुन

नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

### कर्क

सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

### सिंह

स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

### कन्या

आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दु:खद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाज न करें।

### तुला

नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे।

### वृश्चिक

निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

### धनु

व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है।

### मकर

पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

### कुंभ

निवेश शुभ रहेगा। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। प्रमाद न करें। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

### मीन

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें।

## शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उप शाखा तारानगर ने शिक्षकों व विद्यालयों के विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ ने ग्रीष्मकालीन अवकाश पूर्व की भांति करने, पे प्रोटेक्शन के आदेश की पुनः समीक्षा करने, पोषाहार, एमडीएम, ट्रांसपोर्ट वाउचर का बकाया भुगतान करने, डीपीसी शीघ्र करने, नव क्रमोन्नत विद्यालयों में पदों की वित्तीय स्वीकृति जारी करने, 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के टेट की अनिवार्यता को निरस्त करने, आरजीएचएस योजना को अनवरत जारी रखने, सभी संवर्गो के लिए स्थाई स्थानान्तरण नीति लागू कर स्थानान्तरण करने, सभी विद्यालयों में सफाई कर्मचारी नियुक्त करने सहित विभिन्न मांगों का निराकरण करने की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री इन्द्राज स्वामी, लिखमाराम नायक, हवासिंह मोगा, अशोक यादव, विजय सिंह जाखड़, मंगल सिंह महला, सुमन प्रजापत, मेनका सहारण, अविनाश गोदारा, चन्द्रशेखर, विनोद कस्वा, पूर्णमल सोनी, जयसिंह कस्वा, मालाराम पूनिया, मदनलाल सहारण, दलीप कस्वा, हेमराज इसराण आदि शिक्षक मौजूद थे।

## श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने लॉन्च किए नई पीढ़ी के फसल सुरक्षा व पोषण उत्पाद



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से आधुनिक फसल सुरक्षा एवं स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन उत्पाद लॉन्च किए। कोटा में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख चैनल पार्टनर्स की मौजूदगी में नए उत्पादों को पेश किया गया। कंपनी ने फसल सुरक्षा के लिए श्रीराम सेनकुशा लॉन्च किया जो जापानी तकनीक पर आधारित उत्पाद है और उच्च मूल्य वाली कृषि व बागवानी फसलों को लेपिडोप्टेरन कीटों तथा थ्रिप्स से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा पोषण श्रेणी में श्रीराम फर्मप्लस, श्रीराम सिम्बिया, श्रीराम मैग्निका और श्रीराम पिकासोल उत्पाद पेश किए गए। कंपनी के अनुसार ये उत्पाद फसलों को गर्मी, सूखा जैसे प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाने, मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने, पोषक तत्वों के बेहतर अवशोषण और फसल उत्पादन बढ़ाने में सहायक होंगे। श्रीराम पिकासोल और श्रीराम मैग्निका को टाइटेनियम आधारित बायोस्टिमुलेंट तकनीक से विकसित किया गया है। इस अवसर पर संजय छाबड़ा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हेड, श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने कहा कि कंपनी आधुनिक बीज, फसल सुरक्षा और पोषण समाधानों के माध्यम से किसानों को बेहतर पैदावार और अधिक आय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदर्शनी आयोजित




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जयपुर शहर द्वारा 12 साल विश्वास के विकास के एवं जनकल्याण के अभियान के तहत जिला कार्यालय में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, आधारभूत संरचना विकास, आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकसित भारत-2047 के संकल्प से जुड़ी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर कर्नल राठौड़ ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं तथा देश विश्व मंच पर नई पहचान बना चुका है। भाजपा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि मोदी सरकार ने सेवाए सुशासन और गरीब कल्याण को शासन का आधार बनाते हुए करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## चौरडिया का किया स्वागत

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर युवा विकास समिति के सदस्य विकास चौरडिया को राजलदेसर तेरापंथ युवक परिषद का अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके निवास स्थान पर युवा विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, मंत्री विनोद भाटिया, उप मंत्री शिव भगवान सोनी, पूर्व मंत्री मदन दाधीच, कन्यालाल महावर आदि के द्वारा उनका साफा, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विकास चौरडिया ने कहा तेरापंथ युवक परिषद के जो भी कार्यक्रम होंगे। गुरुदेव के आशीर्वाद से पूरे समाज को साथ लेकर अच्छे कार्य करेंगे साथ ही युवा विकास समिति में भी हमेशा मेरा जुड़ाव रहेगा एवं मेरे को जो भी जिम्मेवारी देंगे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा।



# किसानों का प्रदर्शन, एफपीओ में धांधली के आरोप

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में किसानों ने कथित धोखाधड़ी, खाद-बीज वितरण में अनियमितता और शहर की बदहाल बुनियादी सुविधाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। संघर्षशील नेता मगनाराम केड़ली के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों और आमजन ने कार्यवाहक एसडीएम और तहसीलदार चंद्रशेखर टाक को राजस्थान के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। बीज वितरण और एफपीओ की कार्यप्रणाली पर सवाल ज्ञापन में मगनाराम केड़ली ने बीज वितरण और एफपीओ फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि एफपीओ के नाम पर किसानों के साथ बड़ा आर्थिक खिलवाड़ हो रहा है।

खाद-बीज की घटिया गुणवत्ता और नकली सामग्री की बिक्री के कारण क्षेत्र के किसान संकट में हैं। ज्ञापन में इन सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच, एफपीओ की तत्काल स्वतंत्र ऑडिट और दोषियों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। नए पैदल मार्गों का निर्माण करने की मांग कृषि मुद्दों के अलावा, ज्ञापन में नोखा शहर की मूलभूत समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। इनमें शुद्ध पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति, जिला अस्पताल भवन का लंबित निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने, किसानों को कृषि कार्य के लिए नियमित छह घंटे बिजली उपलब्ध कराने और जनविरोधी स्मार्ट मीटर योजना पर पुनर्विचार करने की मांग शामिल है। इसके साथ ही शहर की जर्जर सड़कों का नवीनीकरण, बरसात से प्रभावित परिवारों का उचित पुनर्वास, अवैध नशे के कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध और रेलवे लाइन के दोनों तरफ आवागमन को सुगम बनाने के लिए नए पैदल मार्गों का निर्माण करने की भी मांग की गई।

### आंदोलन की चेतावनी दी

सभा को संबोधित करते हुए एडवोकेट लेखराम चौहान ने कहा कि किसानों को खाद-बीज के नाम पर ठगना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं लाई गई और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो भविष्य में आंदोलन और उग्र होगा। इस दौरान लिच्छूराम सारण, भागीरथ जेगला, बजरंग चौधरी, रामेश्वरलाल



थोरी और दुर्गाराम सोलंकी ने भी निष्पक्ष जांच की मांग की।इस अवसर पर नाथूसर सरपंच प्रतिनिधि बजरंगसिंह सहित नोखा के आसपास के गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रबोधकों के साथ भेदभाव बंद हो, पदनाम अध्यापक किया जाए : चौधरी

निसं

5राजस्थान शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौधरी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश में वर्ष 2008 से नियुक्त करीब 25 हजार प्रबोधकों के साथ केवल पदनाम के कारण भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि प्रबोधक पदनाम समाप्त कर इसे तत्काल अध्यापक किया जाए। सुभाष चौधरी ने कहा कि प्रबोधक तृतीय श्रेणी शिक्षकों के समान ही कार्य कर रहे हैं। उनकी शैक्षणिक योग्यता, कार्यप्रणाली, वेतनमान और सेवाएं लगभग समान होने के बावजूद केवल पदनाम अलग होने के कारण उन्हें पदोन्नति और अन्य सेवा लाभों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि समान कार्य के लिए समान अधिकार मिलना चाहिए।




उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो राजस्थान शिक्षक संघ प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेगा। इसी क्रम में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रबोधक पदनाम बदलकर अध्यापक किए जाने तथा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के समान समस्त सेवा लाभ, पदोन्नति एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने की मांग की गई।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लंबे समय से प्रबोधकों के साथ हो रहे इस भेदभाव को समाप्त कर समान कार्य के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए जाएं।

## कूल की रस्म के साथ उर्स मुबारक का हुआ समापन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** संसार चंद रोड स्थित दरगाह मीर कुर्बान अली में हजरत सैयद महबूब उर रहमान नियाजी रह का दूसरा उर्स मुबारक मंगलवार को कूल की रस्म के साथ संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस उर्स में देश-विदेश से हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और अपनी मुरादों की चादर पेश कर दुआएँ मांगी। उर्स के दौरान दरगाह परिसर सूफियाना रंग में रंगा रहा। बीती रात महफिले समा का आयोजन हुआ, जिसमें बरेली से आए कलामकारों और जयपुर के मशहूर कव्वालों ने अपने शानदार सूफियाना कलाम पेश कर समां बांध दिया। तीसरे दिन दोपहर में मिलाद शरीफका आयोजन किया गया, जबकि शाम को कूल की रस्म अदा की गई और फातिहा ख्वानी के साथ उर्स का समापन हुआ। सज्जादा नशीन डॉ. सैयद हबीब उर रहमान नियाज़ी ने इस अवसर पर कहा कि तीन दिन के उर्स में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सूफी क्लासिकल नाइट और सूफी कॉन्फ्रेंस विशेष आकर्षण रहे। दूसरे दिन कव्वाली की महफिल देर रात तक जारी रही, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। उन्होंने देश, प्रदेश और विशेषकर जयपुर शहर में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ करते हुए कहा कि नौजवान अपने माता-पिता और बुजुर्गों के साथ समय बिताएँ, उनसे सीखें और नशाखोरी व गलत कार्यों से दूर रहें। इस दौरान ईरान सहित पूरी दुनिया में अमन-चैन की भी दुआ की गई। नायब सज्जादा नशीन फैज उर रहमान नियाजी ने बताया कि इस बार 10वां उर्स बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें हजारों जायरीन शामिल हुए। देश के नामचीन कव्वालों ने अपने कलाम पेश किए और कार्यक्रमों में उत्साहपूर्ण माहौल रहा।

## नर्सेज आंदोलन : सरकारी असंवेदनशीलता से प्रदेशभर में आंदोलन तेज होने के संकेत



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा नर्सेज का धरना चौथे दिन भी सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज द्वार पर जारी रहा। आंदोलनरत नर्सेज ने सरकार पर गंभीर असंवेदनशीलता का आरोप लगाते हुए पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन तेज करने की चेतावनी दी है। संघर्ष समिति की प्रमुख मांगों में दिवंगत संविदा नर्स दीपक खारवाल के आश्रित को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने, तथा वर्षों से सेवाएं दे रहे हजारों नर्सेज को अचानक हटा, जाने के आदेश को वापस लेकर करीब 2000 संविदा नर्सेज को पुनः सेवा में लेने की मांग शामिल है। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को जनाना चिकित्सालय के नियमित एवं अनियमित नर्सेज ने मनोचिकित्सालय में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री कैलाश शर्माए संयोजक के.के. यादव, राकेश शर्मा और लोकेश कुमार के नेतृत्व में दो घंटे प्रातः 8 से 10 बजे तक जोरदार नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कई नर्सेज नेताओं ने सरकार से तत्काल समाधान की मांग उठाई। वहीं, संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह राना, पुरुषोत्तम कुम्भज और पवन मीना ने बताया कि आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा तथा प्रदेशभर में जिला स्तरीय समितियों का गठन कर विरोध तेज करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को जे.के. लोन चिकित्सालय के नर्सेज भी प्रदीप नीमरोट और शकुंतला पूनिया के नेतृत्व में प्रातः 8 बजे से दो घंटे विरोध प्रदर्शन करेंगे। संघर्ष समिति ने दावा किया कि प्रदेश के करीब 20 जिलों-जैसे झालावाड़, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, चूरू, कोटा और दौसा में भी नर्सेज ने प्रदर्शन किया, लेकिन चिकित्सा विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है।

## स्वामी गंगादास महाराज का वार्षिकोत्सव, भंडारा श्रद्धा के साथ संपन्न

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आदर्श नगर स्थित बर्फखाना के स्वामी गंगादास महाराज मंदिर में मंगलवार को 89वां वार्षिकोत्सव भंडारा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, कथा-प्रवचन, भजन-कीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभा के अध्यक्ष डॉ. महेश पोपली ने स्वामी के जीवन और टांक नगर वर्तमान पाकिस्तान में की गई 32 वर्षों की तपस्या तथा समाज के विस्थापन से जुड़े प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि स्वामी जी के आशीर्वाद से टांक बिरादरी के किसी भी परिवार को जनहानि नहीं हुई। महासचिव उमेश तनेजा ने बताया कि इस अवसर पर स्वामी की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक, नवीन वस्त्र धारण और फूल बंगला झांकी सजाई गई। साथ ही शिव परिवारए मां भगवती, राधा-कृष्ण, हनुमान जी और झूलेलाल जी के विग्रहों का विशेष श्रृंगार किया गया। प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हुआ तथा एक माह से चल रही पाठ साहिब की लड़ियों का समापन किया गया।

## स्वामी टेऊँराम महाराज का 84वां महानिर्वाणोत्सव प्रारंभ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आस्था, भक्ति और श्रद्धा के प्रमुख केंद्र श्री अमरापुर स्थान, जयपुर में प्रेम प्रकाश मंडलाचार्य आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज का 84वां पंच दिवसीय पुण्यतिथि महानिर्वाणोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ प्रारंभ हो गया। उत्सव का शुभारंभ प्रातःकाल विधि-विधानपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ प्रेम प्रकाश ग्रंथ साहिब और श्रीमद्भगवद गीता के पाठों के पूजन से हुआ। इसके पश्चात भजन, सत्संग और आरती के साथ धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर संत-महात्माओं ने आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज की महिमा का गुणगान किया। दो दिवसीय प्रवास पर पधारे पूज्य गुरुदेव सतगुरु स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज ने कहा कि महापुरुषों का जन्म जीव कल्याण के लिए होता है। उन्होंने कहा कि महापुरुष अमर लोक से आते हैं और अपना कार्य पूर्ण कर पुनः अमर लोक में ही प्रस्थान करते हैं।

उन्होंने बताया कि आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज का जन्म एवं निर्वाण दिवस शनिवार और सिंधी चौथ तिथि को आता है। कार्यक्रम में स्वामी मनोहर लाल महाराज, स्वामी मोहन लाल महाराज, इंदौर से पधारे संत लालचंद महाराज, अजमेर से संत राम प्रकाश महाराज तथा ब्यावर से संत शंभू लाल महाराज सहित अनेक संतों ने आचार्य की महिमा का गुणगान किया। पंच दिवसीय उत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल भजन, सत्संग, आरती, सतनाम साक्षी मंत्र जाप, सामूहिक चालीसा पाठ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सेवा कार्य एवं अन्य धार्मिक आयोजन भी संपन्न होंगे।

## राजस्थान पेंशनर समाज की मासिक बैठक सम्पन्न

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा-तारानगर की मासिक बैठक सेडूराम बाकोलिया गेस्ट हाउस में पालाराम जिंदल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम गत बैठक की कार्यवाही काअनुमोदन किया गया। वरिष्ठ पेंशनर मनीराम कुलड़िया के एकमात्र पौत्र एवं पेंशनर सुभाष चन्द्र शर्मा के भतीजे के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शौक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आरजीएचएस समस्या एवं इससे सम्बंधित बिंदुओं पर चर्चा के साथ वर्तमान में राजस्थान सरकार द्वारा जारी नवीन परिपत्र के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। राज्य सरकार से आरजीएचएस की व्यवस्था को पूर्ववत रखने की मांग की गई। पेंशनर समाज भवन के लिए भूमि आंवटन को प्रक्रियाधीन होने की जानकारी दी गई। बैठक में



डॉक्टर दीपक सिंह के निर्देशन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डॉक्टर सुमित द्वारा आज-कल हार्ट विषयक बीमारियों एवं इनके बचाव के प्राथमिक उपचार के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई एवं उपस्थित पेंशनर्स को प्राथमिक उपचार के किट वितरित किए गए। बैठक में डॉ मातुसिंह राठौड़, पृथ्वीराज बेनीवाल, हेतराम भाकर, ओमप्रकाश शर्मा द्वारा विचार व्यक्त किये गए। जन्मदिन वाले पेंशनर किस्तूरचंद मोठसरा, हाजी मुकारब खां, नवाब अली, बनवारीलाल मेहरा, रामजीलाल सहारण, यासीन अली का माल्यार्पण एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। इनकी ओर खुशी के उपलक्ष्य में सभी को मिठाई खिलाई गई। बैठक में बृजलाल सैनी, महावीर प्रसाद स्वामी, विनोद कुमार शर्मा, परसाराम शर्मा, सेडूराम, मनीराम सुथार, कृष्ण कुमार भार्गव, ताराचंद शर्मा, नंदलाल रेगर, सुलतानसिंह पूनियां, जयप्रकाश स्वामी, ओमसिंह सैनी, डूंगरराम गोदारा, अन्तरसिंह, रूपाराम जाट, जयमालसिंह, लक्ष्मीनारायण फणडन, गिरधारीलाल सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

बैठक का संचालन उपशाखा सचिव रामस्वरूप सहारण द्वारा किया गया।

## आनंदम योग शिविर का आयोजन 20 को

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पहला सुख निरोगी काया की भावना के साथ 20 जून को सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक आनंदम योग शिविर का आयोजन महावीर स्कूल, सी-स्कीम में किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं आनंदमय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के तहत आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने शिविर के पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के चेयरमैन सुधीर जैन गोधा ने बताया कि शिविर में योग प्रशिक्षण का दायित्व प्रसिद्ध योगाचार्य गुरु ढाका राम जी संभालेंगे। वे आनंदम योग के माध्यम से प्रतिभागियों को उत्साहपूर्ण एवं आनंदमय वातावरण में योगाभ्यास कराएंगे। यह आयोजन इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन, जिला जयपुर, योगा पीस संस्थान और जयपुर रनर्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

# हाई ब्लड प्रेशर रोगी रोज खाएं यह ड्राई फ्रूट्स, कंट्रोल रहेगी बीपी



ड्राई फ्रूट्स का सेवन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ड्राई फ्रूट्स में हेल्दी फैट्स के साथ ही ओमेगा-3 फैटी एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, डाइट्री फाइबर, कैल्शियम, कॉपर, आयरन, विटामिन ए, सी, ई, के जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं। इसके अलाव इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी अच्छी मात्रा में होते हैं। जिससे यह न सिर्फ शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करने में मदद करते हैं, बल्कि कई सेहत को कई लाभ प्रदान करने के साथ ही कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं।

**सूखे आलूबुखारा :** आलूबुखारा में पोटेशियम प्रचुर मात्रा में मौजूद होता है। जिससे यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में बहुत लाभकारी है। आप रात भर भीगे हुए सूखे आलूबुखारे का सुबह सेवन कर सकते हैं। आप ब्रेकफास्ट या सुबह खाली पेट दूध के साथ सूखे आलूबुखारा का सेवन कर सकते हैं।

**सूखे अंजीर :** सूखे अंजीर में डाइट्री फाइबर, मैग्नीशियम, पोटैशियम की भरपूर मात्रा होती है। जिससे यह ब्लड प्रेशर रोगियों के लिए बहुत लाभकारी है। आप रात भर सूखे अंजीर का सेवन सुबह कर सकते हैं।

**काजू :** काजू खाने से खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद मिलती है। साथ ही इसमें सोडियम का स्तर कम होता है और पोटेशियम की अच्छी मात्रा में मौजूद होते है। जिससे हाई बीपी को कंट्रोल करने में फायदेमंद है।

**बादाम :** बादाम में अल्फा टोकोफेरोल नामक यौगिक मौजूद होते हैं, जिन्हें शरीर में ब्लड प्रेशर के सामान्य स्तर को बनाए रखने के लिए जाना जाता है। इसके अलावा ये हेल्दी फैट्स और विटामिन ई का बेहतरीन स्त्रोत हैं। इसलिए हाई ब्लड प्रेशर रोगियों के लिए बादाम का सेवन बहुत लाभकारी है। आप 7-8 रातभर भीगे हुए बादाम का सेवन कर सकते हैं।

**पिस्ता :** पिस्ता में एंटीऑक्सिडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है। इनमें कैलोरी कम होती है साथ ही ये फाइबर से भरपूर होते हैं।

# चेहरे पर चावल का आटा लगाने से दूर होती हैं कई समस्याएं





चावल का आटा हमारी से सेहत को तो दुरुस्त रखता ही है, साथ ही ये हमारे फेस के लिए भी काफी फायदेमंद है। चावल का आटा चेहरे पर लगाने से चेहरे की रंगत निखरती है, चेहरे के दाग-धब्बे दूर होते हैं, चेहरा चमकदार बनता है और टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। चावल का आटा एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और फोलिक एसिड से भरपूर होता है , जो चेहरे की कई समस्याओं को दूर करते हैं। इसका इस्तेमाल त्वचा के एक्सेस ऑयल को निकालने के लिए भी कर सकते हैं। चावल का आटा चावल को पीसकर बनाया जाता है। 1 चम्मच चावल के आटे को मलाई में मिला कर मिश्रण तैयार करें। इस मिश्रण को डार्क सर्कल पर अप्लाई करें। 15-20 मिनट इसे लगा रहने के बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें। लगातार ऐसा करने से डार्क सर्कल की समस्या दूर होती है। हफ्ते में दो बार इस नुस्खे को ट्राई कर सकते हैं।

## रंगत निखारने के लिए

चावल का आटा त्वचा के नैचुरल रंगत को निखारने में मदद करता है। एक कटोरी में 1 चम्मच चावल का आटा, मैश किया हुआ कच्चा आलू, आधा चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल मिला लें। अब इस मिश्रण को स्क्रब के जैसा चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट इस मिश्रण को लगाने के बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें।

## दाग-धब्बे दूर करें

दाग-धब्बे चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। दाग-धब्बे कम करने के लिए 1 चम्मच चावल का आटे में 1 चम्मच गुलाब जल और 1 चम्मच बादाम का तेल मिक्स कर लें। इस मिश्रण को हफ्ते में 3 बार चेहरे के दाग-धब्बों पर लगाएं। जल्द ही आपको फर्क नजर आएगा।

## मुहांसे की समस्या होती है दूर

चावल के आटे में ऑयल अब्सोर्बिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। ज्यादा ऑयल चेहरे पर कील-मुंहासों को बढ़ाते हैं। इसलिए ऑयली स्किन वाले लोग चावल के आटे का इस्तेमाल कर सकते है। इसको बनाने के लिए दो चम्मच चावल के आटे में गुलाबजल मिलाएं।इसका एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगा रहने दें। फिर नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें।

## ग्लो पाने के लिए

चेहरे के चमक बढ़ाने के लिए आप चावल के आटे का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसको बनाने के लिए 1 चम्मच चावल का आटा, चंदन पाउडर और दही का एक पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। इस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में 2 बार कर सकती हैं। ध्यान रखें, चावल का आटा फेस पर लगाने से पहले पैच टेस्ट अवश्य करें।

# चेहरे पर निखार लाने के लिए चीनी-नींबू से बनाएं फेस स्क्रब



त्वचा को खूबसूरत और चमकदार बनाने के लिए स्क्रबिंग करना बेहद जरूरी होता है। स्क्रब करने से त्वचा के डेड स्किन सेल्स साफ हो जाते हैं और टैनिंग भी दूर होती है। स्किन पर डेड स्किन जमा हो जाने से इसकी रंगत काली होने लगती है, साथ हीर स्किन पर मुहांसे, झाइयां आदि समस्याएं होने लगती हैं। कई बार महंगे प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से भी त्वचा में निखार नहीं पाता, जिस कारण स्किन पर धीरे-धीरे समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए आप चीनी और नींबू का स्क्रब घर पर बना सकते हैं। ये त्वचा की गंदगी को साफ करके उसे चमकदार बनाने में मदद करेगा।

## चीनी और नींबू का स्क्रब बनाने के लिए सामग्री

- चीनी 2 चम्मच
- नींबू का रस- 2 चम्मच
- गुलाबजल- 1 चम्मच
- ग्लिसरीन- आधा चम्मच

## चीनी और नींबू का स्क्रब बनाने का तरीका

एक कटोरी में 2 चम्मच चीनी लें और दूसरी कटोरी में नींबू का रस, गुलाबजल और ग्लिसरीन को अच्छे से मिला लें। अब निचोड़े हुए नींबू के छिलके को पहले इस मिश्रण में डुबोएं और फिर चीनी वाले बाउल में डिप करके इस पर चीनी लगा लें। अब इसी नींबू को चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ते हुए स्क्रब करें। अगर मिश्रण सूखा लग रहा है, तो चेहरे पर और गुलाबजल लगा सकते हैं। इस स्क्रब को चेहरे पर 10 से 15 मिनट तक लगा रहने दें। सूखने के बाद नॉर्मल पानी से वॉश करें और मॉइश्चराइजर लगाएं।

## टैनिंग को कम करे

चेहरे की टैनिंग दूर करने के लिए हफ्ते में एक बार चीनी और नींबू का स्क्रब चेहरे पर लगा सकते हैं। ये स्क्रब पुरानी टैनिंग को भी दूर करने में मदद करता है। नींबू और चीनी मिलकर त्वचा में निखार लाने में मदद करते हैं।

## झुर्रियां को कम करने में मदद करता है

त्वचा पर नियमित तौर पर स्क्रबिंग करने से त्वचा में झुर्रियां कम होती हैं। त्वचा पर चीनी और नींबू के इस्तेमाल से झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। ये एक नैचुरल स्क्रब है, जो त्वचा से मृत कोशिकाओं को हटाने का काम करता है।

## त्वचा पर ग्लो लाने के लिए

चीनी त्वचा को साफ करने का काम करती है। वहीं नींबू की मदद से त्वचा चमकदार बनती है। नींबू और चीनी को स्किन पर लगाने से त्वचा की असमान रंगत में भी सुधार होता है। इसका इस्तेमाल हफ्ते में एक बार ही करें।

## ड्राई स्किन की समस्या दूर होगी

चीनी और नींबू के स्क्रब में ग्लिसरीन मिलाने से ड्राई स्किन की समस्या दूर करने में मदद मिल सकती है। इस स्क्रब की मदद से त्वचा की डीप क्लिनिंग होगी, साथ ही स्किन को पोषण भी मिलेगा। इस स्क्रब का इस्तेमाल किसी भी मौसम मे किया जा सकता है।

# एक्सरसाइज के बाद आने वाला पसीना खराब कर सकता है बाल, इससे बचाव के लिए बालों की देखभाल के टिप्स

**बाल झड़ने की समस्या से आज के समय में अधिकांश लोग पीड़ित हैं। गलत खान पान और असंतुलित जीवनशैली के कारण आजकल छोटी उम्र से ही बाल झड़ने की प्रक्रिया शरू हो गई है। सभी के बाल एक तरह नहीं होते हैं किसी के बाल पतले होते हैं किसी के रूखे तो वहीं कुछ के बालों की ठीक से ग्रोथ नही होती है। कई बार तो बालों के झड़ने का कारण आप द्वारा की गई कुछ छोटी गलतियां भी हो सकती हैं। दरअसल वर्कआउट के बाद आपके पसीने की कोई सीमा नहीं होती है और इस दौरान स्कैल्प पर पसीना जमा हो जाता है और अधिक पसीना आपके बालों के लिए काफी नुकसानदेह है। ऐसे में पसीने की मात्रा आपके स्कैल्प पर जमा होकर पोर्स को गंदा कक उसे बंद कर देती है, जो आपके बालों के झड़ने का कारण भी बन जाता है। इसलिए वर्कआउट करने के कुछ समय बाद ही बालों को धो लेना चाहिए, जिससे अधिक समय तक स्कैल्प पर पसीने का जमाव न हो सके। यही नहीं स्त्रकैल्प पर पसीने का जमाव आपके बालों को खुजली और संक्रमणजैसी समस्याएं भी दे सकता है। स्कैल्प पर पसीने का जमाव होने से यह आपके बालों तक ठीक तरह से ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की मात्रा भी नहीं पहुंचने देता है। यह आपके बालों के डीहाइड्रेशन का भी कारण बन सकता है। बालों की जड़ों के लिए पसीना बेहद नुकसानदायक होता है। हालांकि शैंपू या कंडिशनर से अपने बालों को रोजाना धोना भी फायदेमंद नहीं है।**

## वर्कआउट के बाद नहाएं

वर्कआउट के बाद स्त्रकैल्प के साथ ही त्वचा के विभिन्न हिस्सों में पसीना जमा हो जाता है, जो अधिक समय तक रहने से नुकसान पहुंचाता है। इससे न सिर्फ स्कैल्प बल्कि त्वचा को भी काफी नुकसान पहुंचता है। इसलिए जरूरी है कि फ्रेश होने के लिए नहाएं और अपने बालों को अच्छे से धोएं। लेकिन ध्यान रहे कि बालों को धोने के लिए अधिक मात्रा में शैंपू का उपयोग न करें। बालों के लिए आप साधारण कंडिशनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह जरूरी नहीं कि नहाने के दौरान रोजाना शैंपू से ही बाल धोए जाएं। आप चाहें तो खाली पानी से भी अपने बालों को धो सकते हैं।

## मॉस्चुराइजिंग कंडिशनर से धोएं बाल

वर्कआउट करने के तुरंत बाद आपको अपने बालों को नहीं धोना है, ऐसा करने से आपको जुकाम हो सकता है। थोड़े समय के अंतराल के बाद आपको बालों के टाइप का मॉस्चुराइजिंग कंडिशनर लगाकर अच्छे से बाल धोने हैं। ऐसा करने से आपके बालों तक विटामिन और अन्य पोषक तत्वों की मात्रा पहुंच सकेगी। शैंपू के अलावा कंडिशनर को बालों के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इसके उपयोग से आपके बालों की नमी बरकरार रहती है। वर्क आउट के बाद तेज धूप और हानिकारक किरणों से आपके स्कैल्प को बचाकर रखती है।

## हेयर स्प्रे का करें इस्तेमाल

बालों मे होने वाले पसीने से बचने के लिए हेयर स्प्रे का इस्तेमाल करना बेहद कारगर माना जाता है। जिम जाने या फिर वर्कआउट करने से पहले अगर हेयर स्प्रे का उपयोग किया जाए तो यह वर्कआउट के दौरान निकलने वाले पसीने को सोखने का कार्य करता है। इसलिए जिम जाने वाले लोगों के लिए पसीने से बचने के लिए हेयर स्प्रे का इस्तेमाल करना आवश्यक माना जाता है।

## बालों पर न आने दें पसीना

बालों पर पसीने आने के नुकसान तो आप जान ही गए हैं। बालों पर पसीना आने से बचने के लिए चुस्त मोड़ी के कपड़े पहनने से बचें। साथ ही वर्कआउट करने के दौरान जमा हुए पसीने को किसी हैंडबैंड की मदद से पोछें। कुछ लड़्कियां जिम जाने से पहले अपने बालों को काफी टाइट बांधती हैं, जिससे उनके बालो में पसीने का जमाव हो जाता है। तो जिम में हमेशा बाल बांधने से बचें। बालों में नमक की मात्रा अधिक पाई जाती है, जो स्कैल्प के संपर्क में आने से आपके बालों को कमजोर बना देता है और बालों में रूखापन की भी समस्या आ जाती है। जिससे बाल झड़ने की संभावना बढ़ जाती है।



**गुनगुने पानी से न धोएं बाल :** नहाते समय गर्म या फिर गुनगुने पानी से बाल धोने से आपके सिर के रोम छिद्र खुल जाते हैं। यही नहीं बालों की धुलावट यदि गर्म पानी से की जाए तो यह आपके बालों को तेजी से गिरने के लिए प्रेरित करता है। सर्दियों के मौसम में अमूमन लोग अपने बालों को गुनगुने पानी से ही धोते हैं, जो असल में काफी नुकसानदेह है। स्किन खराब होने का भी खतरा रहता है साथ ही लंबे समय तक ऐसा करने से बाल जलने का भी अधिक खतरा रहता है।

**रोजाना शैंपू का प्रयोग न करें :** शैंपू बालों के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद नहीं हैं। इसका अधिक इस्तेमाल आपके बालों को नुकसान पहुंचा सकता है। शैंपू का रोजाना उपयोग करने की बजाय अगर आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में केवल दो दिन करेंगे तो इससे आपके बाल भी साफ हो जाएंगे और अधिक नुकसान से भी बच सकेंगे। कैमिकल युक्त शैंपू लगाने से बेहतर है कि बालों को किसी अच्छे शैंपू से धोएं। ऐसे में बेहतर होगा कि ड्राई शैंपू का इस्तेमाल किया जाए।

**बालों को ब्रश करना :** वर्कआउट के बाद बालों को ब्रश करना बेहद फायदेमंद माना जाता है। आमतौर पर लड़कियों के बालों की जड़ें उलझने लगती हैं, लेकिन बालों को ब्रश करने के बाद जड़ों में उलझन नहीं होती है। इससे जड़ों को पोषक्ता



मिलने के साथ ही वर्कआउट में आ रहे पसीने के दौरान प्राकृतिक रूप से एक तेल निकलता है, जो केवल स्कैल्प पर ही नजर आता है। वहीं बालों को ब्रशिंग करने से यह तेल आपके बालों तक आसानी से पहुंचता है और स्कैल्प को नरिश्ड करता है।

इससे आपके बालों की जड़ें भी काफी मजबूत होती है।

# चूना और दालचीनी से मिलेंगे यह फायदे, ऐसे करें इस्तेमाल

अधिकतर लोग चूने का सेवन पान में मिलाकर करते हैं। वहीं दालचीनी को भोजन का स्वाद और पोषक तत्व बढ़ाने मसाले के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, चूना और दालचीनी को एक साथ लेना भी फायदेमंद हो सकता है। जब चूना और दालचीनी को खाया जाता है, तो इससे सेहत को कई लाभ मिल सकते हैं।



## हड्डियां मजबूत बनाए

चूना और दालचीनी लेने का एक फायदा, हड्डियों को मजबूत बनाना है। चूने को हड्डियों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, चूने में कैल्शियम अधिक होता है, इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं। हड्डियों के दर्द से भी छुटकारा मिल जाता है। इसके अलावा चूना और दालचीनी हड्डियों से संबंधित कई समस्याओं को दूर करने में भी उपयोगी साबित होते हैं।

## कब्ज से छुटकारा दिलाए

आजकल अधिकतर लोग कब्ज से परेशान हैं। ऐसे में वे तरह-तरह की दवाइयों का सेवन करते हैं। लेकिन चूना और दालचीनी का सेवन करने से कब्ज से भी छुटकारा मिल सकता है। कब्ज के लिए यह एक अच्छा घरेलू उपाय साबित हो सकता है। लेकिन हर व्यक्ति को इसका रिजल्ट मिले, यह जरूरी नहीं है।

## वात रोगों का इलाज करे

आयुर्वेद के अनुसार चूना और दालचीनी वात रोगों के इलाज में भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। अगर आपको किसी भी प्रकार का वात रोग है, तो चूना और दालचीनी को एक साथ मिलाकर ले सकते हैं। इससे जोड़ों, मांसपेशियों, कमर, पैरों और घुटनों के दर्द से काफी राहत मिल सकती है। चूना और दालचीनी शरीर के सभी हिस्सों के दर्द को छूमंतर कर सकते हैं।

## पोषक तत्वों का अवशोषण

हम हेल्दी खाना खाते हैं, लेकिन कई बार इनमें मौजूद पोषक तत्व हमें नहीं मिल पाते हैं। ऐसे में चूना और दालचीनी का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है। चूना और दालचीनी खाने से शरीर सभी माइक्रोन्यूट्रीएंट्स को आसानी से अवशोषित कर लेता है। आपको बता दें कि चूने में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है। जब चूना और दालचीनी का सेवन किया जाता है, तो शरीर को पर्याप्त कैल्शियम मिल जाता है। विटामिन्स और प्रोटीन को पचाने के लिए कैल्शियम की काफी जरूरत होती है।

## त्वचा के लिए उपयोगी


चूना और दालचीनी त्वचा के लिए भी लाभकारी साबित हो सकता है। दरअसल, चूने का पेस्ट कील-मुहांसों को दूर करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही चूना त्वचा के तिल और मस्सों से भी छुटकारा दिला सकता है। इसके लिए आप प्रभावित स्थान पर चूने का पेस्ट लगा सकते हैं।

## चूना और दालचीनी के नुकसान

- चूना और दालचीनी का सेवन अधिक मात्रा में करने से बचना चाहिए।
- गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को इनका सेवन नहीं करना चाहिए।
- अगर दालचीनी से एलर्जी है, तो भी सेवन से बचें।
- पथरी वाले रोगियों को भी चूना और दालचीनी नहीं लेना चाहिए। इससे समस्या बढ़ सकती है।

# बिना किसी टॉनिक के खून साफ करने में मदद करेंगे ये घरेलू उपाय

खानपान की खराब आदतें शरीर में टॉक्सिन्स का कारण बनती हैं। यह टॉक्सिन्स आपके रक्त को भी गंदा करते हैं। खून में मौजूद गंदगी या को पदार्थ कई गंभीर रोगों को जन्म दे सकते हैं। यहां तक कि कई त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे कील-मुंहासे, फुंसी-फोड़े और एलर्जी जैसी समस्याएं खून में गंदगी के कारण ही होती हैं। सेहतमंद रहने के लिए शरीर में खून का साफ होना बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारे शरीर में मौजूद रक्त टिश्यू तक ऑक्सीजन पहुंचाने के साथ ही, पोषक तत्वों और हार्मोन्स को ले जाने का काम करता है। जब शरीर में मौजूद रक्त दूषित या गंदा हो जाता है, तो इसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं। लोग खून को साफ करने के लिए महंगे-महंगे टॉनिक और दवाओं का सहारा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, कुछ घरेलू उपाय खून को नैचुरली साफ करने में मदद कर सकते हैं।



## नीम की पत्तियां चबाएं

सुबह खाली पेट 4-5 नीम की पत्तियां चबाने से खून को साफ को साफ करने में मदद मिल सकती है। नीम की पत्तियां एंटीबैक्टीरियल, एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-फंगल गुण मौजूद होते हैं। खून में जमा टॉक्सिन्स को बाहर निकालने के लिए यह एक प्रभावी उपाय है। आप चाहें तो नीम के साथ तुलसी की 5-6 पत्तियां भी चबा सकते हैं। इसके अलावा आप चाय में भी तुलसी की पत्तियां डालकर इसका सेवन कर सकते हैं।

## सेब का सिरका पिएं

सेब का सिरका पीने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं। शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में यह बहुत प्रभावी है। खून साफ करने के लिए आप सुबह खाली पेट सेब के सिरके में आधा छोटा चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। यह मिश्रण तेजी से खून साफ करने में मददगार है।

## हल्दी वाला दूध पिएं

हल्दी एंटी बैक्टीरियल, एंटी-फंगल, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती है। रात को सोने से पहले हल्दी वाले दूध का सेवन करने से शरीर में जमा गंदगी को बाहर निकालने में मदद मिलती है और खून साफ होता है।

## नींबू का सेवन

नींबू विटामिन सी और सिट्रिक एसिड से भरपूर होता है। नींबू पानी बेहतरीन डिटॉक्स ड्रिंक्स में से एक है। आप रोज सुबह खाली पेट नींबू पानी में शहद मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं।

## पुण्यतिथि पर गोशाला में पौधरोपण कर दिया सेवा का संदेश



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** खेमचंद बुगालिया की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र शीशराम बुगालिया ने पं गणेश नारायण सुरभि गोशाला बुगाला में गोमाता के लिए दलीये की गौ स्वामणी भेंट कर गौसेवा का पुण्य कार्य किया। इस अवसर पर गोशाला परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कैप्टन महेश बुगालिया ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और गौसेवा दोनों ही समाज के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने गोशाला में चंदन का पौधा भी लगाया तथा 21 अन्य छायादार पौधे लगाने का संकल्प भी लिया। उधर नारायण राम मीणा की 23 वीं पुण्यतिथि पर 4 वट वृक्ष लगाए। गौ सेवा समिति के सदस्यों ने इस सेवा कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गौभक्तों के सहयोग से गोशाला में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। समिति ने स्वर्गीय आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार द्वारा गौसेवा भावना की सराहना की। इस दौरान शिवनारायण बुगालिया, महावीर प्रसाद, सुमेर सैनी, महावीर स्वामी, महेन्द्र केडिया, मोनू शेखावत, हनुमान बुगालिया, राकेश, सत्यवीर, दिनेश, विवेक मीणा, राकेश, प्रियांशु, चिराग सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## गोविन्ददेवजी में होगी वृंदावन के प्राचीन सप्त देवालयों की कथा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देवजी में 17 से 23 जून तक वृंदावन के प्राचीन सप्त देवालयों पर आधारित विशेष कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का आयोजन प्रतिदिन प्रात : 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सत्संग भवन में होगा। कथा का वाचन वृंदावन धाम के गौरदास महाराज करेंगे। कथा के माध्यम से वृंदावन के सप्त देवालयों की गौरवशाली परंपरा, उनके इतिहास, आध्यात्मिक महत्व तथा गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय में उनके योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। कथा में भक्तों को श्री गोविन्द देव, श्री गोपीनाथ, श्री मदनमोहन, श्री राधारमण, श्री दामोदर, श्री श्यामसुंदर तथा श्री विनोदीलाल के प्राकट्य, सेवा परंपरा और भक्ति दर्शन से परिचित कराया जाएगा। कथा के दौरान वृंदावन के सप्त देवालयों से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं, आचार्य परंपरा और भक्तों के जीवन में भक्ति की भूमिका का भी विस्तार से वर्णन किया जाएगा। श्रद्धालुओं को बताया जाएगा कि किस प्रकार इन विग्रहों की सेवा एवं उपासना ने भारतीय भक्ति आंदोलन को नई दिशा प्रदान की और करोड़ों भक्तों की आस्था का केन्द्र बनी। कथा में आचार्य रूप गोस्वामी, सनातन गोस्वामी, जीव गोस्वामी, लोकनाथ गोस्वामी, गोपाल भट्ट गोस्वामी सहित अन्य आचार्यों के योगदान का भी वर्णन किया जाएगा। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को वृंदावन की आध्यात्मिक विरासत, श्रीकृष्ण भक्ति के विभिन्न स्वरूपों तथा संत परंपरा के अमूल्य संदेशों से अवगत कराया जाएगा।

## रक्तदान शिविर आयोजित




हरीश देवंदा

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, नीम का थाना द्वारा मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नीम का थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 50 शाखाओं के स्टाफ सदस्यों एवं ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। शिविर में बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारियों एवं ग्राहकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार सोनी ने स्वयं रक्तदान कर सभी को प्रेरित किया। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी स्टाफ सदस्यों, ग्राहकों एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा प्रतिभागियों ने इसे एक प्रेरणादायक एवं जनहितकारी पहल बताया।

## निःशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर आयोजित

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के मुख्य बाजार के निकट चौधरी फार्म हाउस में रामप्रताप चौधरी चेरिटेबल फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जयपुर के डॉ शंकरा आई हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम ने रोगियों की जांच की। शिविर संयोजक निवर्तमान चेयरमैन मनीष चौधरी ने बताया कि शिविर में 215 रोगियों की जांच की गई। 37 रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनके ऑपरेशन जयपुर में किए जाएंगे। पूर्व चेयरमैन विष्णुकांत चौधरी, नंदलाल व संजय चौधरी ने चिकित्सकों का सम्मान कर आभार जताया। इससे पहले दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरुआत की गई। इस मौके पर विनोद बिर्ख, रक्षपाल शर्मा, बनवारी लाल सैनी, रामकुमार सिंह, मुरारी लाल शर्मा, व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पचलंगिया, मनीष डोटासरा, ओपी बिर्ख, बजरंग लाल सैनी, उमेश सैन, विशंभर बील, सीपी जांगिड़, हारून चौपदार, सतीश नायक, प्रमोद पचलंगिया, रमेश दर्जी, नरोत्तम कुमावत, प्रेम गुर्जर, पवन पचलंगिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे।



# दीपयज्ञ में अर्पित की आस्था की आहुतियां

निसं



जयपुर (नवयत्न)। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री चेतना केन्द्र सांगानेर की ओर से प्रतापनगर क्षेत्र आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर दीपयज्ञ, पंच कुंडीय यज्ञों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत विभिन्न कॉलोनियों एवं मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक चेतना, पारिवारिक संस्कार एवं सामाजिक सद्भावना को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। चंद्रेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर-17 प्रताप नगर, नीलकंठ महादेव मंदिर सेक्टर-71, मेवाड़ अपार्टमेंट हल्दीघाटी मार्ग, रघुनाथ मंदिर श्योपुर, जगतपुरा सहित विभिन्न स्थानों पर दीपयज्ञ आयोजित किए गए। वहीं पांच स्थानों पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं नारी जागरण सम्मेलन भी आयोजित किए गए, जिनमें धर्म, संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं परिवार निर्माण के विषय पर प्रेरणादायी संदेश दिए गए। अधिक मास को साधना, उपासना, जप, तप एवं आत्मचिंतन का विशेष काल बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह समय आत्मपरिष्कार एवं जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रमों में युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों के अनुरूप व्यक्तित्व परिष्कार, परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण का संदेश दिया गया। विभिन्न आयोजनों में 500 से अधिक श्रद्धालुओं एवं परिजनों ने सहभागिता कर संस्कारयुक्त परिवार एवं आदर्श समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया।

# जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारम्भ

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की श्री गांधी बाल निकेतन के न्यायमूर्ति डॉ. बी. पी. सराफ इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में व्यायाम गुरूजी स्व जीवनदास स्वामी स्मृति जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन सीबीईओ संदीप व्यास के मुख्य आतिथ्य व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता बजरंग लाल गुर्जर, विषिष्ट अतिथि प्रदीप लढ़ा एवं वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार गौड़ के द्वीप प्रज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में निकेतन के शारीरिक शिक्षक राजेश गहलोत ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत एवं प्रतियोगिता का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सीबीईओ संदीप व्यास ने शिक्षा के साथ . साथ खेल को जीवन का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए खिलाड़ियों से अनुसासन, कड़ी मेहनत और लगन से नियमित अभ्यास करने पर बल दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता बजरंग गुर्जर विषिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप लढ़ा व अशोक कुमार गौड़ ने स्वण् जीवनदास स्वामी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।



अतिथियों का शारीरिक शिक्षक राजेश गहलोत, खेल प्रशिक्षक युधिष्ठर झाझड़िया, कमल गौड़, राहुल पीपलवा ने माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। संचालन राकेश गहलोत ने किया।

## स्वच्छ भारत अभियान के प्रभारी बने शंकरलाल शर्मा

निसं



**डूंडलोद ( नवयत्न )।** स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर केके गुप्ता ने भाजपा नेता शंकरलाल शर्मा को प्रभारी व राधेश्याम सैनी को सह प्रभारी नियुक्त किया है । इस नियुक्ति से डूंडलोद नगरपालिका क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में सुधार को बल मिलेगा। शंकरलाल शर्मा ने अपनी नियुक्ति को लेकर नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल व स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर का आभार व्यक्त किया व नगरपालिका क्षेत्र के आमजन से अपील की है कि किसी भी गली मौहल्ले में नालियों व सफाई व्यवस्था से संबंधित शिकायत हो तो फोटो सहित वाट्स एप करें समस्या का तुरंत निस्तारण करने के पूरे प्रयास होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में आमजन की सहभागिता जरुरी है ।

# जन समस्या समाधान शिविर में हुआ हंगामा

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगर परिषद के शहरी सेवा शिविर में मंगलवार को उस समय हंगामा हो गया, जब जन समस्या लेकर आए लोगों की भीड़ में से एक व्यक्ति ने एटीपी उदय सिंह को अपशब्द बोल दिए। इसके बाद उदय सिंह ने उसको जोरदार फटकार लगा दी। हंगामे के बाद अपशब्द बोलने वाला व्यक्ति वहां से खिसक लिया। लेकिन हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। एटीपी ने प्रशासन के उच्चाधिकारियों को सूचना देते हुए युवक की पुलिस से शिकायत की है। उदयसिंह ने बताया कि टेबल पीटकर एक सख्स ने मुझे गाली दी, जिसको लेकर पुलिस को शिकायत दी गई है। दरअसल शहर के लाडनूं रोड स्थित भांकड़ा कॉलोनी के लोग जलभराव की समस्या को लेकर शहरी शिविर में आए थे। लोगों का कहना था कि यहां आसोटा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव सुजला में सुजानगढ़ शहर का गंदा पानी इकट्ठा हो जाता है। जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। कॉलोनी की गली नं 1 में सीवरेज लाइन डालने के लिए सड़क तोड़ी गई थी, जिसे रिपेयर नहीं किए गया, जिससे यहां रहने और यहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है। यहां स्कूल होने के कारण पढ़ने वाले सैकड़ों लोगों को भी भारी परेशानी होती है। लोगों ने ज्ञापन देकर समस्याओं का समाधान करने की अपील की। इस दौरान अरविंद सोनी, एडवोकेट मनीष दाधीच, पप्पू मोयल, एस आसोपा, सुभाष चंद्रा, रामावतार स्वामी, आसिफ खान, सांवर दास स्वामी, मनोज स्वामी, विनोद शर्मा, विपिन आदि लोग मौजूद रहे। मामले को लेकर एटीपी उदय सिंह ने सिवरेज कंपनी के अधिकारियों को समाधान के लिए कहा है।



## दिनभर रुक-रुक कर बरसात का दौर जारी, गर्मी से मिली राहत

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** पिछले तीन दिनों से जारी बारिश का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। दिनभर रुक-रुक कर हुई बरसात से आमजन को उमस व गर्मी से राहत मिली। सोमवार देर रात शुरू हुई बारिश का असर मंगलवार तक बना रहा, जिससे कई निचले इलाकों में पानी भर गया। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई साथ ही मौसम सुहावना बना रहा। सड़कों पर वाहन चालकों को दिन के समय भी लाइट जलाकर सफर करना पड़ा। बरसात होने से किसानों के चेहरे खिल उठे। किसानों के अनुसार समय पर हुई बरसात को खरीफ फसलों के लिए लाभकारी बताया और अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई।

## बावलिया बाबा का वार्षिक उत्सव कल, जागरण आज

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** जन जन की आस्था बावलिया बाबा के वार्षिकोत्सव की पूर्व संध्या बुधवार को विशाल जागरण का आयोजन होगा। पुजारी रामगोपाल शर्मा ने बताया कि बुधवार रात्रि को विशाल जागरण का आयोजन होगा जिसमें फतेहपुर के सारनाथ आश्रम के संत रोशन नाथ महाराज के मुखारबिन्द से विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। गुरुवार को प्रात: प्रभात फेरी, बाबा की ज्योत, महा आरती, विशाल भंडारा एवं मेले का आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर भक्तगण एवं कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने मे लगे हुए है।

## पेपर लीक मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** नीट पेपर लीक मामले में मंगलवार को विधायक श्रवण कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एसडीएम के रीडर को ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया की नीट की परीक्षा देश की महत्वपूर्ण परिक्षाओं में है। देश के लाखों युवा दिन-रात अध्ययन कर परीक्षा की तैयारी करते हैं पर बड़े दुर्भाग्य की बात है शिक्षा माफियाओं के चलते नीट जैसे पेपर भी लीक हो रहे हैं जिसके चलते युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। हम सरकार से मांग करते हैं कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेकर नीट परीक्षा को पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाया जाए व नीट पेपर लीक प्रकरण में दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल के लगातार बढ़ते दामों से आमजन पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है। इस मौके पर कांग्रेस के जिला महासचिव मानसिंह साहरण, एनएसयूआई प्रदेश सचिव यश डैला, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामसिंह चेतीवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत, अंतर सिंह श्योराण, पूर्व सीएमएचओ डॉ जीएल मौर्य, सांवरमल सैनी, विजय चंदेलिया, अयूब खान, उपाध्यक्ष मनोज गुरावा, महासचिव रफीक खान, पूर्व पार्षद संजय चौधरी, पूर्व पार्षद योगेश सोनी, रविदत्त गुरुजी, महेश गोदारा, एडवोकेट हवासिंह चौहान, एडवोकेट मदन सिंह राठौड़, संजय योगी, नवीन शर्मा, एडवोकेट राजेश योगी, सुनील गोरा, मोहित श्योराण, प्रयाग कुमार, दिनेश वर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अभयपुरा को मिलेगा स्वच्छ एवं हरित विद्यालय राष्ट्रीय पुरस्कार



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** क्षेत्र के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 में तारानगर तहसील के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, अभयपुरा का चयन राष्ट्रीय स्तर पर योग्यता प्रमाण पत्र के लिए हुआ है। केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से देश भर के 191 विद्यालयों की सूची जारी की गई है जिसमें राजस्थान के 11 विद्यालयों को स्थान मिला है। इस चयन का आधार विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत और परिसर में औषधीय पौधों युक्त वृक्षारोपण सहित 60 मानकों पर जागरूकता हेतु श्रेष्ठ सामूहिक प्रयास करना है। चयनित विद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर पर योग्यता प्रमाण पत्र के साथ विद्यालय विकास हेतु एक लाख रुपये की सहयोग राशि भी प्रदान की जाएगी। हाल ही में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मंगेजाराम एवं उनकी कर्मठ स्टाफ टीम, एसएमसी सदस्यों के सक्रिय प्रयासों से सत्र 2016-17 के पश्चात् सत्र 2025-26 में दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर राउप्रावि, अभयपुरा राजस्थान का पहला ऐसा विद्यालय बन गया है जिसने दो बार राष्ट्रीय स्तर पर योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त 2021-22 में इस विद्यालय का चयन राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु भी हो चुका है। राजस्थान की चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों में भी इस विद्यालय की टीम ने विद्यालय को हरितिमापूर्ण बनाने में तन-मन-धन से परिश्रम किया। इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए सीबीईओ तारानगर बबलेश शर्मा, एसीबीईओ प्रथम संजय शर्मा, एसीबीईओ द्वितीय भागचंद, पीईईओ झाड़सर छोटा अनिल कुमार ने प्रधानाध्यापक मंगेजाराम, एसएमसी सदस्यों व विद्यालय परिवार की कार्यशैली एवं कर्मठता की प्रशंसा करते हुए हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## मूर्तियों की मांग को लेकर धरना जारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में चल रहा धरना मंगलवार को भी लगातार जारी रहा। धरने के 45 वें दिन लियाकत अली, बुलाराम, सोहिल गोपालपुरिया, भवानी शंकर, रिंकू तेजस्वी, इकबाल खां, बिलाल भूरान, तरूण सियोता सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। आपको बता दें कि गांधी चौक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर, स्वतंत्रता सेनानी स्व. गिरीशचंद्र मिश्र, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर ये धरना चल रहा है।

## एसडीआरएफ जवानों के मुरीद हुए एनसीसी कैडेट्स

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एनसीसी के 89 कैडेट्स ने मंगलवार को एसडीआरएफ बटालियन मुख्यालय गाडोता जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान कैडेट्स को एसडीआरएफ की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक संरचना, आपदा प्रबंधन प्रणाली तथा विभिन्न प्रकार के रेस्क्यू अभियानों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही फ्लड एवं रोप रेस्क्यू के ड्राई डेमो के माध्यम से आपदा की स्थिति में अपनाई जाने वाली बचाव तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत फ्लड रेस्क्यू एवं रोप रेस्क्यू का ड्राई डेमो प्रस्तुत किया। कैडेट्स को जवानों ने बताया कि प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान किस प्रकार सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू अभियान संचालित किए जाते हैं तथा कठिन परिस्थितियों में जीवन रक्षा के लिए कौन.कौन सी तकनीकों का उपयोग किया जाता है। इन कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी दुर्घटना अथवा आपदा की स्थिति में रेस्क्यू टीमों के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले आमजन किस प्रकार सुरक्षित रहते हुए घायलों एवं अन्य प्रभावित लोगों की प्रभावी सहायता कर सकते हैं। प्राथमिक प्रतिक्रिया और सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया। भ्रमण के दौरान एनसीसी कैडेट्स को एसडीआरएफ परिसर का दौरा कराया गया तथा आधुनिक रेस्क्यू उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। जवानों ने प्रत्येक उपकरण की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं विभिन्न प्रकार की आपदाओं में उसके इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दीए जिससे कैडेट्स को आपदा प्रबंधन की व्यावहारिक समझ विकसित हो सके। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी कैडेट्स ने फ्लड एवं रोप रेस्क्यू के ड्राई डेमो को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। उन्होंने एसडीआर, फजवानों की दक्षता, अनुशासन और समर्पण की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को युवाओं के लिए अत्यंत लाभदायक बताया।

## अन्नपूर्णा रसोई से 6 खाद्य पदार्थो के नमूने लिए

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम से चलाये जा रहे विशेष अभियान तहत आज मंगलवार को रतनगढ़ शहर व कस्बा राजलदेसर में अन्नपूर्णा रसोई की जांच कर खाद्य पदार्थो के 06 नमूने लिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थ नमुनीकरण व निरीक्षण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अन्नपूर्णा रसोई पर खाद्य पदार्थ के नमूने लेना तथा खाद्य पदार्थ बेचने वाले व्यापारियों को साफाई रखने के निर्देश दिये। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि सोमवार को खाद्य निरीक्षक रतन सिंह गोदारा ने राजलदेसर



मे बाइपास के पास संचालित अन्नपूर्णा रसोई से सोयाबीन तेल व आटा का एक-एक नमूना लिया। इसी तरह राजलदेसर में स्टेशन रोड़ के पास संचालित अन्नपूर्णा रसोई से हल्दी व धनिया पाउडर का एक-एक नमूना लिया। स्थानीय रामचन्द्र पार्क के पास संचालित अन्नपूर्णा से चावल व आटे का एक-एक नमूना लिया। अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण कर साफसफाई के लिये पाबंद किया। सभी नमूनों को जांच के लिये जयपुर प्रयोगशाला भेजा गया है। जहां नमूनों के अमानक व सब स्टेण्डर्ड पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में विशेष अभियान जारी रहेगा।

## पूर्व मंत्री मेघवाल ने किया शिविर का अवलोकन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहरी समस्या समाधान शिविर 2026 के तहत नगरपरिषद में वार्ड नं 7, 8, 9 तक का शिविर मंगलवार को लगाया गया। आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि पूर्व खनिज मंत्री खेमाराम मेघवाल द्वारा शिविर का औचक निरीक्षण किया गया तथा शिविर के अधिकारी/कर्मचारियों को आमजन को अधिक से अधिक लाभ दिये जाने हेतु निर्देश दिये गये। शिविर में कृषि भूमि पट्टा 4, नवीनीकरण 3, निर्माण अवधि से विस्तार के प्रकरण 4, पट्टा हस्तान्तरण 1 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। यूडी टैक्स के आवेदन 2, जीवीपी 3, सीवर कनेक्शन 17, नाली मरम्मत 01, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 42, स्ट्रीट लाईट 5, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 4, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 7, वृक्षारोपण 50 के प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान 3, ढीले तारों को व्यवस्थित 1 प्रकरण प्राप्त हुए। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 525 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 105 के प्रकरण प्राप्त हुए। एनसीडी 317 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में निवर्तमान उपसभापति अमित मारोठिया, कांग्रेस नेता मोहम्मद इदरीश गौरी, निर्वतमान पार्षद रेंवतमल पंवार, मनीष दाधीच, दीनदयाल पारीक ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक अभियंता चारवी, सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, सहायक कनिष्ठ लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, राजस्व निरीक्षक मुन्नालाल मीणा, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, फायरमैन भींवाराम जाट व कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# ग्राम सेवा शिविर के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आयोजित ग्राम सेवा शिविरों के तहत ग्राम पंचायत गाजुवास एवं पुनरास में आयोजित शिविरों का भाजपा नेता राकेश जांगिड ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा लाभार्थियों को पट्टा, पशु बीमा योजना, आपसी सहमति खाता विभाजन सहित विभिन्न प्रमाण पत्र वितरित किए। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद करते हुए राकेश जांगिड ने उनकी समस्याएं, सुझाव एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राम सेवा शिविर इसी सोच का परिणाम हैं, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि इन शिविरों के माध्यम से प्रमाण पत्र, पेंशन, राजस्व संबंधी कार्य, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न सेवाएं सरलता से उपलब्ध करवाई जा रही हैं। ऐसे में प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इन सुविधाओं का लाभ अवश्य लेना चाहिए।

राकेश जांगिड ने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की है और प्रशासन भी पूरी गंभीरता से इस दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की । इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी प्रियंका, तहसीलदार हनुमान सिंह, नायब तहसीलदार बजरंग सिंह, बीडीओ छगन छींपा, मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह तंवर, ईश्वर पांडिया, सादुलसिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संजय सोनी




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा राजस्थान के तत्वावधान में नंदा होटल, झुंझुनू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश से प्रेरित कम तेल की थाली, स्वस्थ भारत की खुशहाली अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ रहीं। इस अवसर पर राखी राठौड़ ने महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए दैनिक भोजन में तेल की मात्रा कम करने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कम तेल में स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन बनाने के विभिन्न टिप्स साझा किए तथा स्वयं कम तेल में व्यंजन तैयार कर उपस्थित महिलाओं को उसका स्वाद भी चखाया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए खान-पान की अच्छी आदते अत्यंत आवश्यक हैं और प्रत्येक परिवार को संतुलित एवं कम तेल वाले भोजन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम में महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री अरुणा सिहाग, भाजपा झुंझुनू जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी, झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बु, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री महेंद्र चन्दवा, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज श्योराण, किरण चौधरी, लोकेश मील, रवि लाम्बा, सीए लोकेश अग्रवाल, शम्भु सिंह नेहरा, दीपक स्वामी सहित महिला मोर्चा पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। उपस्थित सभी महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और कम तेल, संतुलित एवं पौष्टिक भोजन को अपनाने का संकल्प लिया।

### बिड़ला ऑडिटोरियम में आज गूंजेगी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की गौरव गाथा

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के बिड़ला ऑडिटोरियम में बुधवार को भव्य हल्दीघाटी विजयोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन महाराणा प्रताप फाउंडेशन द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में तथा ऐतिहासिक हल्दीघाटी का युद्ध के 450 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि होंगे। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित कई मंत्री, सांसद और विधायक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिनमें राव राजेंद्र सिंह, मंजू शर्मा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जवाहर सिंह बेढम, गोपाल शर्मा, बालमुकुंद आचार्य और महेन्द्रपाल मीणा प्रमुख हैं। इस कार्यक्रम संयोजक प्रेम सिंह बनवासा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

## राजस्थान पुलिस का विशेष चेकिंग अभियान में 1.02 लाख वाहनों पर कार्रवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में सड़क परिवहन को सुगम, सुरक्षित और नियमबद्ध बनाने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष चेकिंग अभियान प्रदेशभर में सख्ती के साथ जारी है। अभियान का संचालन महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशों में तथा अनिल पालीवाल डीजी ट्रैफिक और एडीजी ट्रैफिक डॉ. बी. एल. मीणा के नेतृत्व में किया जा रहा है। डीजी ट्रैफिक ने बताया कि 4 जून से 15 जून 2026 के बीच मात्र 12 दिनों में कुल 1,02,878 वाहनों के खिलाफ चालान और जब्ती की कार्रवाई की गई। अभियान में ब्लैक फिल्म, अवैध नंबर प्लेट, अनाधिकृत सायरन-हूटर, प्रेशर हॉर्न तथा वाहन संरचना में अवैध बदलाव जैसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की गई। आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक 39,417 मामलों में ब्लैक फिल्म हटाने की कार्रवाई हुई। इसके अलावा 26,545 मामले अवैध नंबर प्लेट, 14,119 अनाधिकृत लेखन, 9, 870 वाहन मॉडिफिकेशन, 7,428 लाल-नीली बत्ती व फ्लैशर तथा 5,499 प्रेशर हॉर्न के दर्ज किए गए। 15 जून को अकेले 7,208 वाहनों पर कार्रवाई हुई। इसमें जयपुर पश्चिम में सर्वाधिक 470 मामले दर्ज किए गए, जबकि धौलपुर 321, जयपुर यातायात 308, चित्तौड़गढ़ 303,



जयपुर ग्रामीण 284 और बारां 271 में भी बड़ी संख्या में चालान हुए। ब्लैक फिल्म हटाने की सर्वाधिक कार्रवाई जयपुर यातायात में दर्ज की गई। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अवैध वाहन मॉडिफिकेशन से बचें। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित

निसं




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** जिले के कस्बा पड़िहारा में ग्रामीण सेवा शिविर 2026 राजस्थान सरकार का आम ग्रामीण जनता के द्वार तक पहुंचने का एक सार्थक प्रयास है, जिसमें आम ग्रामीण की समस्याओं का सरकार के 27 विभागों द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया जाता है। यह अपने आप में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह उद्गार पूर्व विधायक अभिनेष महर्षी ने ग्रामीण सेवा शिविर 2026 ग्राम पंचायत पड़िहारा में प्रकट किए। इस अवसर पर महर्षी द्वारा पट्टा वितरण करते हुए ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए 10 पट्टों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रशासक जगजीतसिंह राठौड ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से राजस्थान सरकार ने आम जनता को जो राहत देने का कार्य किया है, वह स्वागत योग्य है। उपखण्ड अधिकारी मिथीलेश कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग में नाम दुरूस्तीकरण, भूमि नामांतरण, अंतकाल नामांतरण, पंचायतीराज विभाग द्वारा पट्टा निर्माण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजियन का कार्य किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा मरीजों की ब्लडप्रेसर जांच सहित अन्य बिमारियों का उपचार किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं में मौसमी बिमारी से बचाने के तरीके बताते हुए दवाओं का वितरण किया। शिविर में विद्युत विभाग, जलदाय विभाग, आयुर्वेद विभाग सहित अन्य विभागों ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में पूर्व प्रधान अर्जुनसिंह फांसा, भाजपा नेता हिम्मतसिंह मालासी, दीनदयाल पारीक, श्योपाल रूखासर, तहसलीदार हरदीपसिंह, प्रगति प्रसार अधिकारी संजय कुमार पारीक, ग्राम विकास अधिकारी मघाराम बामणियां, राकेश जाट पटवारी, भू अभिलेख निरीक्षक संगीता, पशुपालन अधिकारी डॉ. हुणताराम मीणा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पीटीआई भर्ती परीक्षा मामला : आठ लाख लेकर डमी अभ्यर्थी बनने वाला पच्चीस हजार का इनामी सूचना सहायक गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने शारीरिक शिक्षा अध्यापक पीटीआई भर्ती परीक्षा-2022 में हुए नकल और फर्जीवाड़े के मामले में कार्रवाई करते हुए 25 हजार के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पवन कुमार 29 निवासी धोरीमन्ना जिला बालोतरा है, जो वर्तमान में बाड़मेर के मुद्रा पंजीयन विभाग के उप महानिरीक्षक कार्यालय में सूचना सहायक के पद पर कार्यरत है। एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि पीटीआई भर्ती परीक्षा-2022 में नकल प्रकरण को लेकर वर्ष 2024 में एसओजी थाने में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि 25 सितंबर को दो पारियों में आयोजित भर्ती परीक्षा में आरोपी पवन कुमार ने दलाल भभूताराम के माध्यम से 8 लाख की राशि लेकर मूल अभ्यर्थी मुकेश सारण की जगह डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा दी थी। एसओजी की जांच में यह भी सामने आया कि डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देने के कारण मूल अभ्यर्थी मुकेश सारण का चयन हो गया और उसने पीटीआई पद पर सरकारी नौकरी भी हासिल कर ली। मामले का खुलासा होने के बाद एसओजी ने जांच तेज की और आरोपी पवन कुमार फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। एसओजी टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया सूचना के आधार पर आरोपी को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 26 जून 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। एसओजी उससे भर्ती परीक्षा में शामिल अन्य लोगों, दलालों और संभावित नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है।जांच एजेंसी को उम्मीद है कि आरोपी से पूछताछ में भर्ती परीक्षा से जुड़े अन्य फर्जीवाड़ों और आरोपियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। गौरतलब है कि इस भर्ती घोटाले में एसओजी अब तक मूल अभ्यर्थी मुकेश सारण सहित कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## पीएमओ निठारवाल के नेतृत्व में रींगस अस्पताल में बढ़ रहा आमजन का विश्वास



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** उप जिला चिकित्सालय रींगस में चिकित्सा सेवाओं के प्रति आमजन का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। इसी क्रम में अस्पताल में भर्ती बिमला देवी प्रथम गर्भवती, पूर्ण अवधि गर्भावस्था एवं लिकिंग पीवी की स्थिति में भर्ती हुई, जिनका 11 जून 2026 को सफल सिजेरियन प्रसव किया गया। प्रसव के पश्चात माता एवं नवजात पुत्र दोनों स्वस्थ हैं। यह सिजेरियन प्रसव स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ संगीता चौधरी एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। पीएमओ डॉ जितेन्द्र सिंह निठारवाल ने बताया कि रींगस अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग, मेडिसिन, शिशु रोग एवं अन्य विशेषज्ञ सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है जिससे क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता एवं बेहतर समन्वय के कारण मरीजों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। एमडी जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र सिंह निठारवाल के मार्गदर्शन में अस्पताल में मरीजों को समग्र एवं बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। सफल प्रसव के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इसे रींगस अस्पताल में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं एवं बेहतर होती स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का सकारात्मक उदाहरण बताया।

## हिसाब-किताब के बहाने बुलाकर दो व्यक्तियों का अपहरण, फायरिंग और मारपीट का मामला दर्ज

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के केड़ली गांव में हिसाब-किताब के बहाने बुलाकर दो व्यक्तियों का अपहरण, फायरिंग और मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में सोमवार रात पीड़ित की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। घटना में बाबूलाल और अशोक बिश्नोई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बीकानेर रेफर किया गया है। बाबूलाल की पत्नी गुड्डी जाट ने दर्ज रिपोर्ट में बताया-14 जून की शाम को नोखागांव निवासी मनोज गोदारा ने बाबूलाल को फोन कर केड़ली आकर पैसे लेने को कहा था। बाबूलाल अपने दोस्त अशोक बिश्नोई निवासी अलाय के साथ एक कैम्पर गाड़ी में रात करीब 11:30 बजे केड़ली स्थित चंचलाई नाड़ी की पड़त के पास पहुंचे।

### फायरिंग और मारपीट का आरोप

आरोप है कि वहां पहले से मौजूद एक स्कॉर्पियो, एक बोलेरो डीआई और तीन-चार बोलेरो कैम्पर गाड़ियों में सवार मनोज गोदारा, दौलत, हरिकिशन, उमेश धारणिया, बाबूलाल गोदारा, मोहनसिंह सहित 10-12 अन्य लोगों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। आरोपियों के पास पिस्टल, लाठियां और लोहे के सरिए थे। प्रार्थिया के अनुसार, बाबूलाल और अशोक ने वहां से निकलने की कोशिश की लेकिन आरोपियों ने बाबूलाल को जबरन गाड़ी से नीचे उतार लिया और कथित तौर पर स्कॉर्पियो में डालकर ले जाने लगे। इसी दौरान मनोज गोदारा ने बाबूलाल पर पिस्टल से फायर किए। दौलत और हरिकिशन ने भी फायरिंग की। इसके अलावा, लाठियों और लोहे के सरियों से दोनों के साथ मारपीट की गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

### मारपीट कर सड़क पर छोड़ा

घायल बाबूलाल ने बताया कि आरोपी उन्हें जबरन अपने साथ ले गए और बाद में दावा प्याऊ के पास घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों घायलों की हालत गंभीर होने पीबीएम अस्पताल बीकानेर रेफर कर दिया हैए जहां उनका उपचार जारी है। नोखा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपाधीक्षक जरनैल सिंह ने बताया-मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष टीमें आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। उन्होंने कहा कि संदिग्धों के पुलिस गिरफ्त में आने के बाद ही घटना के सही कारण और पूरे घटनाक्रम की स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190